दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 128 जयपुर, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- दशमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



### रामनवमी पर अयोध्या में 'सूर्य तिलक' समारोह

# रामलला के ललाट पर 4 मिनट तक ठहरी सूर्यदेव की किरणें

**एजेंसी** | अयोध्या

रामनवमी के मौके पर अयोध्या के राम मंदिर में बुधवार को रामलला का सूर्याभिषेक हुआ। दोपहर 12.16 बजे आस्था और विज्ञान के संगम के जरिए सूर्याभिषेक हुआ। रामलला के सूर्याभिषेक का ये नजारा बेहद अद्भुत रहा। मंत्रोच्चारण के बीच रामलला का ललाट करीब चार मिनट तक सूर्य की किरणों से जगमग हो उठा। इस दौरान मंदिर में बहुत ही दिव्य और भव्य नजारा नजर आया। मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। और रामभक्तों में सूर्याभिषेक को लेकर खासा उत्साह नजर आया।


### ऐसे हुआ रामलला का सूर्याभिषेक

सूर्याभिषेक की प्रक्रिया बेहद दिलचस्प रही। सूर्य की रोशनी मंदिर की तीसरी मंजिल पर लगे पहले दर्पण पर पड़ी, जो यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में गई। पीतल के पाइप में लगे दूसरे दर्पण से टकराकर सूर्य की रोशनी 90 डिग्री पर पुनः परावर्तित हो गई। फिर पीतल के पाइप से जाते हुए यह किरण तीन अलग-अलग लेंस से होकर गुजरी और लंबे पाइप के गर्भगृह वाले सिरे पर लगे शीशे से टकराई। गर्भगृह में लगे शीशे से टकराने के बाद किरणों ने सीधे रामलला के मस्तिष्क पर 75 मिलीमीटर का गोलाकार तिलक लगाया और लगातार पांच मिनट तक प्रकाशमान रही।

### विशेष परिधान और 56 व्यंजनों का भोग

इस मौके पर रामलला की विशेष झांकी सजाई गई। रामलला के लिए विशेष परिधान तैयार किए गए, जो पीले पीतांबर रंग के थे। इसमें खादी और हैंडलूम का इस्तेमाल किया गया था। इस परिधान को तैयार करने में वैष्णो संप्रदाय के प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया। साथ ही गोल्ड और सिल्वर धागों का इस्तेमाल हुआ। रामलला के वस्त्रकार मनीष त्रिपाठी का कहना है कि रामलला के परिधान को तैयार करने में 20 से 22 दिन का समय लगा। रामलला के वस्त्रों में मखमली कॉटन का इस्तेमाल किया जाता है ताकि अंदर से सॉफ्ट रहे। प्रतिमा को दिव्य आभूषणों से सजाया गया। रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का कहना है कि अलग-अलग दिन के हिसाब से रामलला के लिए अलग-अलग रंग के परिधान निर्धारित किए गए हैं। दास ने बताया था कि बुधवार को रामलला को 56 तरह के व्यंजनों का भोग लगाया गया।

**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोशल मीडिया पर शेयर की तस्वीरें**
श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने एक्स अकाउंट पर चौपाई के साथ रामलला की अलौकिक तस्वीरें साझा की हैं।



### पीएम मोदी का वीडियो शेयर

केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने अयोध्या में आयोजित रामलला के सूर्य तिलक कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देख रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'धैर्य, समर्पण और आस्था का प्रतिफल। जय जय श्री राम'! रामनवमी के मौके पर पीएम मोदी ने देशवासियों को बधाई दी है। पीएम ने कहा कि शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे रामलला दिव्य राम मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। अयोध्या एक अप्रतिम आनंद में है। इस तरह रामनवमी मनाने का सौभाग्य हमें पांच शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद मिला है। यह देशवासियों की कठिन तपस्या, संघर्ष और साधना का परिणाम है। प्रभु श्रीराम हमारे रोम-रोम में बसे हैं।

### लोकसभा चुनाव 2024: पहले चरण का चुनाव प्रचार थमा, 102 सीटों पर कल होगा मतदान

# प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों ने झोंकी ताकत



**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को होगा। पहले चरण के लिए बुधवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया। पहले चरण का मतदान 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में फैले 102 चुनाव क्षेत्रों में होगा। पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार उत्तर पूर्व में बुधवार दोपहर 3 बजे समाप्त हुआ, जबकि अन्य क्षेत्रों में यह शाम 6 बजे समाप्त हुआ। चुनाव आयोग ने सात चरणों में देश की 543 लोकसभा सीटों पर मतदान कराने का ऐलान किया है। पहला चरण 19 अप्रैल से शुरू होगा। कुछ संवेदनशील इलाकों और क्षेत्रों को छोड़कर सुबह आठ से शाम पांच बजे तक वोटिंग होगी। मतदान के दौरान चुनाव आयोग ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और मतदान केंद्रों पर केंद्रीय बल की तैनाती की गई है। सभी चरणों की मतगणना एक साथ 4 जून को होगी।

### प्रदेश की 12 सीटों पर वोटिंग कल

## प्रत्याशी अब करेंगे घर-घर जनसंपर्क

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहला चरण के लिए वोटिंग 19 अप्रैल होगी। बुधवार शाम 6 बजे पहले चरण के लिए प्रचार थम गया। अब प्रत्याशी घर-घर जनसंपर्क करेंगे। इससे पूर्व प्रदेश के सभी प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में अपनी जान झोंक दी। राजस्थान की 25 सीटों पर दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों पर तो वहीं दूसरे चरण में 13 सीटों पर मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पहले चरण में गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

### मतदान दिवस पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 22 मार्च, 2024 को जारी आदेश की अनुपालना में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### पहले चरण में देश के इन राज्यों में होगा चुनाव

पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित राज्य और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी, जम्मू-कश्मीर और लक्षद्वीप में 19 अप्रैल को मतदान होगा।



## जरूरी खबर

### मोदी के खिलाफ माहौल बनाने वालों से लेंगे पूरा हिसाब



**बेधड़क.जयपुर।** प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल सरकारी कर्मचारियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी बीजेपी के खिलाफ माहौल बना रहा हैं, चुनाव बाद उनसे ब्याज सहित हिसाब लिया जाएगा। किरोड़ीलाल मंगलवार को हेलिकॉप्टर से दौसा के रामगढ़ पचवारा पहुंचे थे, जहां उन्होंने मंच से कांग्रेस का प्रचार करने वाले सरकारी कर्मचारियों को चेतावनी दी। कृषि मंत्री ने कहा कि जो बच्चे छोटी-मोटी नौकरी में लगे हैं वो लोगों को आरक्षण के नाम पर बहकाने में लगे है।

### फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक 1,52,812 मत डाले

**बेधड़क.जयपुर।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि द्वारा सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक एक लाख 52 हजार 812 मत डाले गए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इनमें से अब तक 72987 पुलिसकर्मी, 10927 आरएसी 910 , जीआरपी, 67597 मतदानकर्मी तथा 391 प्राइवेट ( चालक ) द्वारा मताधिकार का उपयोग किया गया। नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मतदान करने के लिए फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर 18 अप्रैल तक पहले चरण तथा 25 अप्रैल तक दूसरे चरण के लोकसभा क्षेत्रों में विभिन्न दिवसों पर मतदान किया जा सकेगा।

### अंतिम रेंडमाइजेशन हुआ, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां



**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जयपुर शहर लोकसभा और जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान दलों का अंतिम रेंडमाइजेशन बुधवार को हुआ। भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित रेंडमाइजेशन में मतदान केन्द्रवार कार्यकारी मतदान दलों और आरक्षित मतदान दलों का निर्धारण किया गया। जयपुर शहर की दोनों लोकसभा सीट जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण पर चुनाव कराने के लिए 4 हजार से अधिक पोलिंग पार्टियां गुरुवार को रवाना होंगी। जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों के लिए तीन जगह चिह्नित की गई हैं, जहां से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

अलवर में बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को पार्टी सुप्रिमो ने किया संबोधित

# कांग्रेस व भाजपा की कथनी और करनी में अंतर: मायावती

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार थमने से पूर्व बुधवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने अलवर के विजय नगर मैदान में जनसभा को संबोधित किया। मायावती ने कांग्रेस व भाजपा को खूब घेरा।

उन्होंने दोनों ही दलों को गरीब, दलित, पिछड़ा एवं आदिवासी बताते हुए उनकी कथनी और करनी में अंतर बताया। मायावती ने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि एक दिन केन्द्र में बसपा की सरकार जरूर बनेगी, तब दलबदल कानून बनाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। मायावती की सभा में अलवर सहित प्रदेश के अन्य सीटों पर बसपा से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी मौजूद रहे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस व भाजपा पर तोड़फोड़ की नीति अपनाकर राज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा प्रदेश में बसपा के चुने गए विधायकों को तोड़कर लोकतंत्र को कमजोर करती है। उन्होंने कांग्रेस व भाजपा पर लोकसभा चुनाव में प्रलोभन भरे घोषणा पत्र जारी कर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। मयावती ने बसपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन लुभावने घोषणा पत्र से गुमराह न हों।



### हमने लोगों को राहत देने का कार्य किया

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में तीन बार सहयोग एवं एक बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनी, तब बहुजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीति अपनाकर लोगों को राहत देने का कार्य किया है। केन्द्र में बसपा के नेतत्व में सरकार बनने पर यूपी की तर्ज पर सरकार चलाकर गरीब, दलित, आदिवासी, धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा बसपा के विधायकों को तोड़कर बसपा कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने का कार्य कर रही है, लेकिन केन्द्र में सरकार बनने पर दलबदल कानून लाकर तोड़फोड़ की राजनीति पर अंकुश लगाया जाएगा।

### फ्री राशन देने से लोगों का नहीं होगा भला

मायावती ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकारें लोगों को फ्री में राशन देकर उनका भला नहीं कर रही है। बसपा की सरकार बनने पर लोगों की सामाजिक सुरक्षा के साथ कल्याणकारी योजनाए बनाएगी। उन्होंने कांग्रेस व भाजपा पर जातिवादी राजनीति कर लोकतंत्र को कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

सिरोही-जालोर सड़क मार्ग को फोरलेन करा नेशनल हाईवे बनाएंगे

# वैभव ने 'वचन पत्र' जारी किया, कहा- बदलेंगे जालोर की तस्वीर

**बेधड़क | जयपुर**

जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने बुधवार को अपना 'वचन-पत्र' जारी कर दिया। रानीवाड़ा के कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह वचन पत्र जालोर, सांचौर और सिरोही जिलों की तरक्की का रास्ता खोलता है।

वचन पत्र में रोजगार मेलों के जरिए 10 हजार से अधिक स्थानीय युवाओं को नौकरियां देने का वादा वैभव ने किया। उन्होंने युवाओं के लिए अगले पांच साल में 100 स्टार्टअप्स खुलवाने की भी बात कहीं। वैभव ने जालोर से जयपुर, दिल्ली, हैदराबाद, कोयम्बटूर, चैन्नई, बैंगलूरु के लिए नियमित यात्री रेलगाड़ियां चलवाने, सिरोही-जालोर मार्ग को फोरलेन करा नेशनल हाईवे घोषित कराने, आबूरोड हवाई पट्टी को एयरपोर्ट बनाकर वहां से नियमित उड़ानें शुरू कराने का वादा किया। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र की जनता को जवाई बांध के पानी से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा और माही-व्यास का पानी भी जालोर-सिरोही तक लाने के प्रयास किए जाएंगे। वैभव ने कहा कि इस मैनिफेस्टो में जालोर के सभी आयु व वर्गों का ध्यान रखा गया है। मैनिफेस्टो के रोडमैप को आमजन से विचार-विमर्श कर इस तरह बनाया गया है कि यह लोकसभा क्षेत्र की जनता की सभी बुनियादी जरूरतों और तरक्की की संभावनाओं को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि मैनिफेस्टो का रोडमैप आने वाले पांच साल में तीनों जिलों की तस्वीर बदल देगा, तकदीर बदल देगा। वैभव ने कहा कि यह वचन पत्र आमजन की समस्याओं, मांगों, जरूरतों और भावी संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है।



### तरक्की की बाट जोह रहे जालोर, सांचौर और सिरोही

पत्रकारों से बातचीत में वैभव ने कहा कि आप अच्छी तरह जानते हैं कि जालोर लोकसभा क्षेत्र पिछले 20 वर्षों से तरक्की की बाट जोह रहा है। यहां लगातार भाजपा सांसद रहे, देवजी पटेल तो लगातार 15 वर्षों तक यहां के सांसद रहे, लेकिन जालोर, सिरोही जिलों को तो छोड़ो, सांचौर क्षेत्र का भी विकास वे ढंग से नहीं करा पाए। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे मारवाड़ी भाई पेयजल, सिंचाई जल, बुनियादी विकास, रोजगार, पलायन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत ने जिस तरह जोधपुर का विकास कराने में जान झोंक दी, वैसे ही प्रयास मैं जालोर लोकसभा क्षेत्र के लिए करूंगा। जालोर, सांचौर और सिरोही तीनों जिलों को पिछड़ा नहीं रहने दिया जाएगा।

### वॉट्सएप नंबर से जान सकते हैं मैनिफेस्टो के बिंदु

वैभव गहलोत ने कहा कि उनके वचन पत्र में क्षेत्र के विकास के लिए कई अभिनव पहल शामिल की गई हैं। साथ ही जिन मांगों को पूरा करने का प्रण लिया गया है, उसकी जानकारी वॉट्सएप के जरिए ली जा सकती है। आमजन 8468848484 व्हॉट्सएप नंबर के जरिए मैनिफेस्टो डाउनलोड़ कर पढ़ सकते हैं।

### स्थानीय विकास बड़ी जरूरत: देवासी

इस मौके पर रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी ने अपने संबोधन में कहा कि जालोर, सांचौर और सिरोही की तरक्की के लिए स्थानीय विकास जरूरी है। कांग्रेस पार्टी स्थानीय विकास को महत्व देती है, इसीलिए जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है, तब-तब पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों का विकास हुआ है। नर्मदा का पानी आज यहां पहुंच रहा है तो वह पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि वैभव गहलोत के मैनिफेस्टो में पानी, ट्रेन, रोजगार जैसे स्थानीय विकास के मुद्दों को पूरी प्राथमिकता से शामिल किया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वैभव गहलोत आमजन की इन समस्याओं को दूर करने में जी-जान लगा देंगे। मैनिफेस्टो लॉन्चिंग में जालोर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, हेम सिंह शेखावत सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बीएसएफ जवानों ने मार गिराया पाक ड्रोन

## भारत-पार्क बॉर्डर से 13 करोड़ की हेरोइन बरामद



**बेधड़क | जयपुर**

पाकिस्तान की ओर से भारत में लगातार हेरोइन तस्करी की नापाक हरकत की जा रही है। मंगलवार रात पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हेरोइन भारत की सीमा में भेजने का प्रयास किया गया, मगर बीएसएफ की सतर्कता के कारण जवानों ने ड्रोन पर फायरिंग कर ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ, सीआईडी और पुलिस की ओर से संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें ड्रोन और 2 किलो 610 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस अवैध मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 13 करोड़ रुपए बताई जा रही है। रावला थाने के एसएचओ बलवंत सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात बीएसएफ की 140 वी बटालियन के कंपनी कमांडर अखिलेश से भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन आने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर वह टीम के साथ मौके पहुंचे। उन्होंने बताया कि गश्त कर रहे बीएसएफ के जवानों को ड्रोन की आवाज सुनाई दी तो आवाज की तरफ एक राउंड फायर किया गया, जिससे ड्रोन नीचे गिर गया। ड्रोन नीचे गिरने के बाद बीएसएफ और पुलिस की ओर से क्षेत्र में सयुंक्त सर्च अभियान चलाया गया।

## सांसद बोहरा को मारने की धमकी

**जयपुर।** सांसद रामचरण बोहरा को जान से मारने की धमकी दी गई है। सांसद के ऑफिशियल आईडी पर धमकी लिखकर ई-मेल की गई है। लिखा है- दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे, वहीं जान से मार देंगे। जवाहर सर्किल थाने में सांसद बोहरा के निजी सहायक अरुण शर्मा ने एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार अरुण ने बताया कि 2 अप्रैल की सुबह 4:30 बजे अरविन्द कुशवाह नाम के व्यक्ति की आईडी से एक मेल आई हुई थी। इसमें सांसद को जान से मारने की धमकी दी गई थी।

गोविंददेवजी मंदिर से रामचन्द्रजी मंदिर तक रैली निकाली

## देश बचाने को हमारे साथ आएं: प्रतापसिंह

**बेधड़क | जयपुर**

पहले चरण में जिन सीटों पर लोकसभा चुनाव है, वहां बुधवार को प्रचार के आखिरी दौर में प्रत्याशियों और पार्टियों ने पूरी ताकत झोंक दी।

जयपुर शहर से कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास के समर्थन में शहर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर से रामचन्द्रजी मंदिर तक रैली निकाली। इस दौरान जीप में सवार होकर प्रताप सिंह खाचरियावास ने शहरवासियों को रामनवमी की बधाई दी और समर्थन मांगा। खाचरियावास ने कहा कि शुरुआत में भाजपा की स्थिति जयपुर शहर में मजबूत दिख रही थी, लेकिन जिस तरह से हमें लोगों का समर्थन मिल रहा है, उससे लगता है कि हम चुनाव जीत जाएंगे।



उन्होंने राजस्थान में भी 12 से 15 सीटों पर कांग्रेस की जीत का दावा किया है। खाचरियावास ने कहा कि भाजपा भगवान धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है, जबकि कांग्रेस हमेशा से सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से आज देश के लोकतंत्र और संविधान पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में लोगों को लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए।

शत-प्रतिशत मतदान के लिए शुरू किया अभियान

## भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में उतारा विप्र फाउंडेशन

**बेधड़क | जयपुर**

विप्र फाउंडेशन ने लोकसभा चुनाव में नागरिकों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए अभियान का आगाज किया। इसी कड़ी में संस्था ने बुधवार को मानसरोवर स्थित श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ के भवन में भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा को पूर्ण समर्थन की घोषणा की है।

कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक एवं सांसद रामचरण बोहरा सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। सभी अतिथियों को विप्र फाउंडेशन का दुप्पटा, माला, साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व आईजी लक्ष्मण गौड़, डॉ. जी. एल. शर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं भाजपा नेता अखिल शुक्ला, डॉ. ओपी शर्मा, जोन अध्यक्ष राजेश कर्नल, युवा विंग के अध्यक्ष मनोज पांडे, महिला अध्यक्ष भारती शर्मा, महामंत्री सुनीता शर्मा, आरोग्य साथी सुनील शर्मा, युवा सह राष्ट्रीय प्रभारी व पार्षद पवन शर्मा नटराज, मुकेश काका, अंशु शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र हर्ष,उपाध्यक्ष केदार शर्मा, पंकज दीक्षित, अंशुमान शास्त्री, उपाध्यक्ष प्यारेलाल शर्मा, महामंत्री अजय पारीक, राजेंद्र धौलपुर, मंत्री पुष्पेंद्र शर्मा, बसंत शर्मा, प्रमुख व्यवसायी नवीन शर्मा, विनय शर्मा सहित विप्र फाउंडेशन पदाधिकारी तथा विप्रजन मौजूद रहे। मंच संचालन संगठन महामंत्री सतीश शर्मा ने किया और महामंत्री सुशील पीरनगर ने आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



रूपाला के बयान की आग को शांत कराने में जुटे भाजपा नेता

# राजपूत समाज जो भी फैसला ले... देश के भविष्य को देखकर ले: CM

**बेधड़क | जयपुर**

गुजरात में केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला के बयान के बाद राजपूत समाज की नाराजगी की आग राजस्थान में भी तेजी से फैल रही है। प्रदेश के कई जिलों में अलग-अलग राजपूत संगठनों की ओर से विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

राजपूत समाज की ओर से रुपाला के टिकट नहीं काटने की स्थिति में भाजपा के खिलाफ चुनाव में मोर्चा खोलने का संदेश दिया जा रहा है। राजपूत समाज की ओर से उठ रहे इस विरोध को साधने के लिए बीजेपी के तमाम बड़े नेता कोशिश कर रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार को राजपूत समाज के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी पहुंची। इस दौरान उन्होंने सीधे तौर पर तो नहीं, लेकिन अपने भाषण में समाज से आग्रह किया कि जो भी फैसला लें, वह इस बात को सोच कर लें कि देश का भविष्य किस हाथ में देना है। राष्ट्रहित में फैसला लें। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि चुनाव का समय चल रहा है। इस समय इतना ही आग्रह है कि राष्ट्र को मजबूत कौन कर सकता है? यह सोचना होगा. समाज को मजबूती प्रदान कौन कर सकता है?

हमारे प्रदेश को मजबूती कौन प्रदान कर सकता है? उसके बारे में जरूर सोचें। हमें जो भी काम करना है, जो भी फैसला करना है, उसको सोच समझ कर करना है। आगे हमारी पीढ़ी को क्या लाभ हो सकता है। युवाओं को कैसे लाभ हो सकता है। इस पर सोचने के बाद कोई फैसला लें।





### देश हित को ध्यान में रखें: दिया

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि बहुत सारे प्रधानमंत्री आए, बहुत सारे लीडर आए, लेकिन जो सम्मान हमारे देश को मिलना चाहिए था वो नहीं मिला। आगे देश को वो सम्मान मिले यह सब देखते हुए सभी लोग साथ दें। हालांकि आप लोग जो फैसला लेंगे वह तो आपको लेना है, उस पर ज्यादा कुछ नहीं कहना, लेकिन इतना ही कहूंगी कि जो भी फैसला लें, देश के भविष्य देखकर फैसला लें।

### कांग्रेस ने आरक्षण का विरोध किया: मेघवाल

भाजपा एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने बुधवार को प्रेसवार्ता में कहा कि इंडी गठबंधन पूरी तरह हताश निराश होकर अंतर्कलह से झूझ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार वाले नारे से घबराकर इंडी गठबंधन ने एक झूठ फैलाना शुरू कर दिया कि भाजपा सत्ता में आने के बाद संविधान को बदलकर आरक्षण खत्म करेगी। इंडी गठबंधन अपनी जमानत बचाने के चक्कर में एससी-एसटी वर्ग को गुमराह कर रहा है। देश की जनता को पता है पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दलितों के हित में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में खुद यह कहा था कि जब तक भाजपा सत्ता में है आरक्षण से किसी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा दलित विरोधी और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ रही है। संविधान निर्माण के समय जब बाबा साहब ने आरक्षण का प्रावधान लागू किया तो कांग्रेस ने आरक्षण का विरोध किया।

### के. एल जैन भाजपा में शामिल हुए

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने प्रदेश मुख्यालय पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के. एल जैन को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता अबकी बार 400 पार का नारा साकार करेगी।



फोटो: राजेश कुमावत

## रामनवमी महोत्सव
## शहरभर में कार्यक्रम
## गलताजी में रामलला के जन्म पर गरजी 21 तोपें

# भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी...

चैत्र नवरात्र के 9वें दिन भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहरभर के सभी छोटे-बड़े मंदिरों में विभिन्न आयोजन किए गए। दोपहर 12 बजे रामलला का जन्म होते ही गलताजी में 21 तोपों की गर्जना की गई। अन्य मंदिरों में भी भगवान राम के प्राचीन व दिव्य विग्रहों का विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया और सामूहिक महाआरती की गई। इसके साथ ही कई मंदिरों में 9 दिन तक चलने वाले सामूहिक नवाह्नपारायण पाठ का नवां पारायण कर पूर्णाहुति हवन किया गया।

**बेधड़क** | जयपुर

श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि श्री गलताजी में चैत्र नवरात्र के 9वें दिन गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में रामनवमी महोत्सव मनाया गया। इस दौरान दोपहर 12 बजे भगवान राम का 21 गर्जनाओं के साथ जन्म हुआ। स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि गलता पीठ में विराजमान भगवान राम के प्राचीन व दिव्य विग्रहों का विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फलों, फलों के रसों, पंचामृत, सर्व औषधि, पंचमेवों, समस्त द्रव्यों, सहस्त्रधारा, शंख-चक्र आदि से तिरुमंजन अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया और सामूहिक महाआरती की गई। अवधेशाचार्य महाराज ने गलता में विराजमान सभी विग्रहों की आरती की। केदारनाथ, काशी, जगन्नाथ, रामेश्वरम, द्वारका जी आदि स्थानों से सन्त-महात्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर भजन गायकों व कलाकारों द्वारा भगवान के मुखोल्लास के लिए प्रस्तुतियां दीं गई व बधाई गान हुए। साथ ही 9 दिन तक चलने वाले सामूहिक नवाह्नपारायण पाठ का नवां पारायण कर पूर्णाहुति हवन किया गया।



### शोभायात्रा निकालकर हुए विभोर

500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन श्री रामलला के चतुर्भुज विग्रह की सुबह श्री गलता पीठ से श्रीनिवास के बालाजी तक विधि-विधान से शोभा यात्रा निकाली गई। भक्तों ने सबके लिए फलाहार आदि की व्यवस्था की। इसके बाद यात्रा पुनः श्री गलता पीठ पहुंची व श्री गलतापीठाधीश्वर स्वामी महाराज ने भगवान की कुम्भ आरती की।

### 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



रामनवमी पर स्व. कांता सोनी और स्व. ओम प्रकाश सोनी की स्मृति में मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के मालवीय नगर स्थित अनुविभा भवन में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन समारोह में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। आयोजक चंद्र प्रकाश सोनी, अरविंद सोनी और आलोक सोनी ने बताया कि समारोह गोमती जूलर्स की ओर से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षामंत्री बीडी कल्ला की धर्मपत्नी शिव कुमारी कल्ला रही। उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद देकर मंगल जीवन की कामना की। इस दौरान स्वर्णकार समाज के बंधु मौजूद रहे।

### राम तारक यज्ञ का आयोजन



जगतपुरा के श्री श्री कृष्ण-बलराम मंदिर में रामनवमी पर भगवान राम का स्वागत किया गया। श्री श्री कृष्ण-बलराम का राम लक्ष्मण की तरह विशेष अलंकार किया गया, जिसे देखकर भक्त भाव विभोर हो गए। मंदिर में हजारों की संख्या में लोग भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे। 13 अप्रैल से मंदिर में राम कथा का आयोजन जारी था, जिसका समापन भी भक्तिभाव से किया गया। रामनवमी के विशेष आयोजन में मंदिर के मथुरा गार्डन में राम तारक यज्ञ का आयोजन हुआ। साथ ही रामलला के लिए पालकी उत्सव हुआ, जिसमें भक्तों ने नाचते-गाते स्वागत किया। आयोजन में मंदिर में नाम रामायण का पाठ किया गया, जिसमें रामायण की संपूर्ण लीलाओं और पात्रों की चर्चा हुई। मंदिर अध्यक्ष अमितासन दास ने रामनवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि त्रेता युग में भगवान राम आदर्शों और धर्म की स्थापना के लिए अवतरित हुए। उनका जीवन मर्यादा, सत्य और वीरता की मिसाल था।



### 551 कन्याओं को भोजन कराया

मेरी पहल संस्था परिवार की ओर से दुर्गा नवमी व राम नवमी पर श्रीदक्षिणमुखी गणेश मंदिर मेरी पहल संस्था परिसर नांगल जैसा बोहरा में सामूहिक 551 कन्याओं का कन्या पूजन, हवन व भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सृष्टि का आधार कन्या की पूजा कर चुनरी ओढ़ाकर भोजन कराया गया। साथ ही उन्हें महिला थानों, महिला आयोग, महिला सुरक्षा-सलाह केन्द्र, चाइल्ड हेल्प लाइन की ओर से कापी, पेंसिल, पेन, फल वितरीत किए गए। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष गिर्राज सिंह शेखावत, चन्दा कंवर, सुनीता शर्मा, मनमोहन सिंह, संदीप सैन उपस्थित रहे। इस अनूठे आयोजन में लोगों ने युवाओं की ओर से कन्याओं की पूजा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा से संबंधित दी गई जानकारी की पहल की तारीफ की। आयोजकों ने बताया, कि कन्याओं को सिर्फ भोजन कराना और उनकी पूजा करना ही काफी नहीं है। इस युग में उनको बचपन से ही उनके अधिकारों और सुरक्षा के बारे में बताना भी जरूरी है। यही कारण रहा कि नवमी के दिन इस तरह के आयोजन को करने का फैसला लिया गया। इस दौरान कई युवाओं और बड़ों साथ दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। बच्चों ने भी बड़ों से कई सवाल करते हुए अपनी जानकारी को बढ़ाया। बच्चों के सवालों के जवाब उपस्थित महिला-पुरुषों ने कई उदाहरण देते हुए दिए, जिससे उनका ज्ञानवर्धन हुआ।



### चांदपोल में मंगल कलश की पूजा

चांदपोल के रामचंद्र जी मंदिर में सुबह भगवान राम का पंचामृत से अभिषेक किया गया। सुबह 6 बजे मंगला आरती के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके बाद मंगल कशल की पूजा की गई। सुबह 11 बजे पंचामृत अभिषेक किया गया। इसमें घी, दूध, दही शहद सहित अन्य सामग्री से अभिषेक करवाया गया। भगवान को केसर, इत्र और गुलाब के जल से अभिषेक करवाया गया। दोपहर 2.30 बजे भगवान की जन्म आरती हुई। इसके बाद से ही भक्तों को भगवान के जन्मोत्सव की बधाई का दौर चलता रहा। पुजारी अभिषेक तिवाड़ी ने बताया कि मंदिर को पितांबरी रंग से सजाया गया। मंदिर में फूलों की विशेष झांकी सजाई गई। भगवान को कुंदन-मीने जड़ित स्वर्ण मुकुट धारण करवाया गया। भगवान को विशेष आभूषण धारण करवाए गए।

**आदर्श नगर स्थित श्री राम मंदिर में भक्तों ने किए दर्शन**

# जनम लिया मेरे रघुराई, अवधपुरी में बहार आई... हृदय बसो मेरे रघुराई

**बेधड़क** | जयपुर

आदर्श नगर स्थित श्री राम मंदिर में राम नवमी महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन किए और जयकारों के साथ खुशियां मनाईं। भक्तों ने जनम लिया मेरे रघुराई, अवधपुरी में बहार आई..., हृदय बसो मेरे रघुराई अवधपुरी में बहार आई... का गान किया। मंगला आरती के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विश्व कल्याण की भावना से अध्यक्ष हरचरण, महामंत्री अनिल खुराना, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण मलिक सहित, रवि सचदेव ने हवन में आहुतियां दीं। सुंदर कांड का पाठ हुआ। भक्तों ने श्री राम नाम का संकीर्तन कर मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। भगवान का पंचामृत अभिषेक कर पीत रंग की पोशाक धारण कराई गई। ऋतु पुष्पों से मोहक श्रृंगार हुआ और मध्याह्न 12 बजे घंटे, घड़ियाल, शंख बजाकर भगवान की प्राकट्य आरती हुई। आरती के लिए जैसे ही पट खुले भगवान के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा।



### भंडारे में श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

महिला मंडल द्वारा जनम लिया मेरे रघुराई, अवधपुरी में बहार आई..., हृदय बसो मेरे रघुराई अवधपुरी में बहार आई..., पलकें ही पलकें बिछाएंगे... सहित अन्य बधाई गान गाए गए। भगवान को भोग लगने के पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ। रात्रि में बिजली की झालरों और रंगीन रोशनी से मंदिर परिसर जगमग हो उठा।



### जनप्रतिनिधियों ने भी लगाई हाजिरी

आरती में विधायक काली चरण सराफ, अशोक परनामी, गो सेवक रवि नय्यर, पार्षद स्वाति परनामी नीरज अग्रवाल सहित श्री राम मंदिर प्रन्यास के शिवदत्त विरमानी, इंद्र कुमार चड्ढा, अश्वनी बैरी, संजय आहूजा, जितेंद्र चड्ढा, राजीव मनचंदा और अशोक भगत, किशोर मोतियानी, डॉ. महेश पोपली, उमेश तनेजा, तुलसी संगतानी, नितिन भाटिया, राजकुमार भाटिया, इंद्रजीत शर्मा, योगेश खुराना, लक्ष्मण टेकचंदानी, मनोज ठाकवानी, गोपाल कृष्ण शर्मा सहित कई भक्त सम्मिलित हुए।

## जरूरी खबर

### बालाजी धाम में 'अपने राम' की प्रस्तुति 22-23 को



**दौसा।** हनुमान जयंती के अवसर पर प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास मेहंदीपुर बालाजी धाम में 22 एवं 23 अप्रैल को 'अपने राम' की संगीतमय प्रस्तुति देंगे। राम भक्तों के लिए यह एक बड़ा मौका होगा, जब कुमार विश्वास को बालाजी की शरण में पहली बार सुना जाएगा। बालाजी धाम में देश के हर कोने से श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिसे लेकर ट्रस्ट की ओर से तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आगामी हनुमान जन्मोत्सव पर अपने-अपने राम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सिद्ध पीठ के महंत नरेश पुरी ने बताया कि महंत किशोरपुरी हॉस्पिटल के समीप यह आयोजन किया जाएगा।

### झील में अस्थि विसर्जन करते चार लोग घायल

**सिरोही।** जिले के माउंटआबू नक्की लेक में बुधवार को अस्थियां विसर्जित करने आए 4 लोग फिसलकर चोटिल हो गए। नाराज लोगों ने वहां पहुंचे नगरपालिका अध्यक्ष जीतूराणा और अन्य कांग्रेसी नेताओं के सामने अपनी व्यथा बताई। इन लोगों का आरोप था कि उनके आदिवासी होने से कोई सुनवाई नहीं हुई है। गौरतलब है कि हर साल माउंटआबू में पीपली पूनम तक आदिवासी समाज के लोगों के अपने दिवंगत परिजनों की अस्थियां विसर्जित करने का सिलसिला चलता है। इन दिनों रोजाना सैकड़ों लोग यहां पहुंच रहे हैं। लोगों का आरोप है कि नक्कीलेक घाट के सभी गेट बंद हैं तथा जगह-जगह रेलिंग लगाई हुई हैं। इससे लोग परेशान हो रहे हैं।

### बैटरी फटने से घी से भरे टैंकर में लगी आग



**ब्यावर।** ब्यावर शहर के अजमेर रोड सदर थाने के सामने एक घी से भरे टैंकर को स्टार्ट करने के दौरान टैंकर की बैटरी धमाके के साथ फट गई। धमाके से टैंकर में आग लग गई। आग लगते ही चालक ने टैंकर से कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन कूदने से चालक घायल हो गया। कुछ ही देर में टैंकर आग का गोला बन गया और लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। टैंकर में धमाके के साथ आग लगने की जानकारी के बाद आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा दमकल को सूचना दी।

---

### भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी कन्याओं की पूजा कर जनता का अशीर्वाद लेने निकले... किया जनसंपर्क

# जनता के वोट की ताकत से 500 वर्ष का सपना हुआ साकार

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी ने बुधवार को रामवमी के अवसर पर चित्तौडगढ़ स्थित अपने निवास पर कन्याओ का पूजन कर उन्हें भोजन करवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने कहा नवरात्र देवी उपासना का पर्व है, बिना कन्या पूजन के यह अधूरा है। आज देवी स्वरूप कन्याओं को भोजन करवाने का सौभाग्य मिला और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इसके बाद सीपी जोशी ने चित्तौडगढ़ विधानसभा क्षेत्र सावा और बस्सी मंडल के ओछडी, सेमलिया, जालमपुरा, अरनियापंथ, शम्भूपुरा, उदपुरा, अमरपुरा, विजयपुर, केलझर, पालका, सोनगर, घोसुंडी, पाल, शादी, अभयपुर, आंवलहेड़ा, नगरी, सेमलपुरा, मानपुरा, नेतावल गढ़ पाछली, ऐराल, घटियावली और गिलुण्ड में जनसंपर्क कर जनता कर जनता का आशीर्वाद लिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा सभी धर्मों का सम्मान करते हुए सनातन की रक्षा कर रही है। यही कारण है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में सभी प्रदेशवासी हर्षोल्लास और सद्भाव के साथ रामनवमी का त्योहार मना रहें है।



उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण मे अंधी कांग्रेस की गहलोत सरकार ने प्रदेश में हिन्दू त्योहारों को सार्वजनिक मनाने, डीजे बजाने और भगवा झंडों पर रोक लगाने का काम किया था, वहीं पीएफआई जैसे प्रतिबंधित संगठन को रैली निकालने की इजाजत दी थी। सनातन को खत्म करने जैसी विकृत सोच रखने वाले अब खुद खत्म हो रहें है।

#### आज राम लला टेंट में नहीं दिव्य मंदिर में विराजमान

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता के वोट से मिली ताकत से 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आज ऐसा अवसर आया है जब प्रभू श्रीरामलला जन्मदिन पर टेंट में नहीं बल्कि दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान है, जनता धूमधाम से उनका जन्मदिन मना रही है। भाजपा की मोदी सरकार ने अपने कुशल नेतृत्व और मजबूत इरादों से दस सालों में न सिर्फ देश की दशा और दिशा बदली, बल्की देश की मजबूती और विकास के काम होने के साथ ही कश्मीर से धारा 370 हटाने और अयोध्या में राम मंदिर बनने जैसे अनेक महत्वपूर्ण काम हुए।

#### सभा में ये नेता भी रहे मौजूद

जनसंपर्क के दौरान जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, लोकसभा संयोजक रणजीत सिंह भाटी, चित्तौड़गढ़ विधानसभा प्रभारी कमलेश पुरोहित, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण कुमावत, पश्चिम मंडल अध्यक्ष गोपाल चौबे, मंडल महामंत्री अनिल सुखवाल, बस्सी मंडल महामंत्री किशोर सिंह, लालुराम भील, नरेंद्र टेलर, गोपाल चौबे, रामप्रसाद जाट, छोटू धाकड़, सोहन खटीक, सी पी नामधराणी, असमो प्रदेश महामंत्री एमडी शेख सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

### नागौर में पूर्व सीएम गहलोत ने साधा मोदी सरकार पर निशाना

# ED-CBI से मचा रखी है लूट... लोकतंत्र को लेकर लोग चिंतित

**बेधड़क** | नागौर

जिले में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल के समर्थन में बुधवार को पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए गहलोत ने हनुमान बेनीवाल को किसानों की लड़ाई लड़ने वाला नेता बताया। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस व आरएलपी एक मंच से बात कर रही है। इंडिया गठबंधन मजबूत गठबंधन है।

हमने आरअलपी, सीपीएम व बाप पार्टी से गठबंधन किया है। इसका असर देखने को मिल रहा है। बेनीवाल को लेकर पूर्व सीएम गहलोत ने कहा कि आपका उम्मीदवार हनुमान बेनीवाल आप के घर का है। वह जुझारू और दबंग नेता है। किसानों के लिए मर मिटने वाला नेता है। उन्होंने बीजेपी की स्थिति देख ली, पूरे देश को चिंता है कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। गहलोत ने कहा कि ईडी-सीबीआई के माध्यम से लूट मचा रखी है। इलेक्टोरल बॉन्ड को दूनिया का सबसे बड़ा घोटाला बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री सफाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी का कांग्रेसीकरण किया जा रहा है। स्थिति बड़ी नाजुक है। देश दुनियाभर में बदनाम हो रहा है। दो-दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। अमेरिका, जर्मनी को कहना पड़ा कि क्या हो रहा है। कांग्रेस के 12 खाते बंद कर दिए इनकम टैक्स ने और पैसे निकाल लिए। ये बातें सोचकर हनुमान बेनीवाल ने एनडीए गठबंधन को छोड़ा और इंडिया गठबंधन से जुड़े।




#### नाथूलाल मिर्धा भाजपा को कहते थे 'सत्यानाशी का फूल'

भाजपा में गहलोत ने बीजेपी की प्रत्याशी ज्योति मिर्धा पर भी जमकर निशाना साधा। गहलोत ने कहा कि पता नहीं ज्योति मिर्धा बीजेपी में क्यूं गईं, पूरा परिवार ही बीजेपी में चला गया। नाथूराम मिर्धा बीजेपी को 'सत्यानाशी का फूल' कहते थे। उस पार्टी में जाने का तुक क्या था। कौन सा दबाव था। इतना मान-सम्मान था कांग्रेस में, अब सबक सिखाओ उनको। गहलोत ने कहा कि नाथू बाबा की पोती उनकी आत्मा को कष्ट पहुंचा रही है। नाथू बाबा की आत्मा को कष्ट है कि उनकी पोती ने क्या कबाड़ा कर दिया। जब कांग्रेस के अच्छे दिन आएंगे तो जो लोग गए हैं वो वापस आने के लिए लाइन लगाएंगे।

#### सभा में मौजूद नहीं थे प्रत्याशी बेनीवाल

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल इस सभा में मौजूद नहीं रहे। दरअसल हुआ ये कि जिस समय अशोक गहलोत नागौर में सभा कर रहे थे, उसी समय हनुमान बेनीवाल परबतसर के गांवो में जनसंपर्क कर रहे थे। परबतसर विधानसभा क्षेत्र के कई गांव ऐसे थे, जहां बेनीवाल जनसंपर्क कर नहीं पाए और बुधवार को प्रचार का अंतिम दिन होने के चलते खुद बेनीवाल इस जनसभा में शामिल नहीं हो सके। उन्हें परबतसर में जनसंपर्क करना पड़ा। वहीं, एक इस बात की भी चर्चा रही कि लाडनूं के विधायक मुकेश भाकर भी नागौर की इस जनसभा में नहीं आए। वहीं, परबतसर के विधायक रामनिवास गावड़िया हनुमान बेनीवाल के साथ परबतसर क्षेत्र में मौजूद रहे।

---

### दोनों राज्यों की संयुक्त नाकाबंदी

# राजस्थान-पंजाब राज्यों की पुलिस ने चलाया ऑपरेशन सील



**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

जिले में 19 अप्रैल को पहले चरण में ही लोकसभा चुनाव का मतदान होना है। भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पुलिस महकमा हाई अलर्ट पर है। राजस्थान पंजाब बॉर्डर पर विशेष चौकसी की जा रही है, इसी के तहत बॉर्डर पर ऑपरेशन सील चलाया गया।

श्रीगंगानगर एसपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से पर्याप्त मात्रा में जाब्ता प्राप्त हुआ है। राजस्थान पंजाब बॉर्डर पर विशेष चौकसी की जा रही है। राजस्थान और पंजाब पुलिस की ओर से सयुंक्त रूप से नाकेबंदी जारी है। राजस्थान और पंजाब के पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन सील के तहत दोनों राज्यों को जोड़ने वाली राजपुरा और गुमजाल गांव की सीमाओं पर नाकों का जायजा लिया। साथ ही, नाकों पर नियुक्त अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किए। एसपी ने बताया कि पंजाब राजस्थान के बीच होने वाली संभावित नशा तस्करी, नकदी आदि के लेनदेन को लेकर दोनों राज्यों की पुलिस ने नाकों की जांच पड़ताल की। उधर, एसएसपी फाजिल्का डॉ. प्रज्ञा जैन ने नाके पर मौजूद अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश किए। उन्होंने कहा कि राजस्थान की ओर से होने वाली नशा तस्करी को रोकने के लिए पंजाब पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी के चलते मुख्य मार्गों पर नाकाबंदी के साथ ही लिंक सड़कों पर भी सुबह-शाम नाके लगाए जा रहे हैं। अगर कोई व्यक्ति निर्धारित मात्रा से अधिक नकदी ले जाता है तो उक्त नकदी से संबंधित उचित दस्तावेज उसके पास होने चाहिए। वहीं, असमाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

---

### आबूरोड रीको थाना क्षेत्र के वासड़ा की घटना

# कार पुल से नदी में गिरी, चार घायल

**बेधड़क** | सिरोही

जिले के आबूरोड रीको थाना क्षेत्र के वासड़ा में बुधवार को सुबह 11.30 बजे एक कार अनियंत्रित होकर पुल से नदी में गिर गई। हादसे में कार में सवार चार लोग घायल हो गए।



सूचना पर रीको थाना पुलिस और मावल चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और हादसे के बारे में जानकारी ली। मावल चौकी के हेड कांस्टेबल किशनलाल ने बताया कि वासड़ा गांव से बारात में शामिल होकर चार लोग कार से गुजरात के दान्तिवाड़ा जा रहे थे, तभी गिरवर - मुंगथला रोड पर वासड़ा नदी के पुल पर कार अनियंत्रित हो गई और लोहे की रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिर गई। हादसे में कार में सवार 4 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और घायलों को कार से बाहर निकाल गुजरात के पालनपुर में उपचार के लिए ले गए। हादसे की सूचना मिलने पर रीको थानाधिकारी सीताराम सहित पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। हेड कांस्टेबल किशन लाल ने बताया कि कार की गति तेज थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया। कार बेकाबू होते ही नदी के पुल की रैलिंग को तोड़ते हुए 25 फीट नीचे गिर गई। आस-पास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

---

### गाजे-बाजे के साथ निकाली सामूहिक बारात

# सैनी समाज के 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**बेधड़क** | चाकसू

कस्बे के निकटवर्ती गांव रामपुरा बुजुर्ग में सैनी समाज विकास समिति की ओर से 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद अजमेरा व सचिव रामरतन सैनी ने बताया कि समाज के प्रस्तावित बालिका छात्रावास में सामाजिक रीति-रिवाज के साथ सभी जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार किया गया।



प्रत्येक जोड़े को आयोजन समिति की ओर से उपहार भी दिए गए। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा, विधायक राम सहाय वर्मा, कांगेस नेत्री सविता मीणा, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा, वाइस चेयरमैन सीताराम गुर्जर एवं समाजसेवी, भामाशाह व अनेक जनप्रतिनिधियों ने सम्मेलन वर-वधूओं को आर्शीवाद दिया। इस मौके पर विधायक रामावतार बैरवा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से समाज में एकता का भाव पैदा होता हैं और कुरीतियों व फिजूलखर्च बंद होती हैं।

आयोजन में सभी दूल्हों की सामूहिक बारात गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। वहीं दूसरी ओर जयसिंहपुरा गांव में लोधा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। समिति अध्यक्ष कल्याण सिंह लोधा व पार्षद भवानी सिंह लोधा के अनुसार समाज के 62 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस मौक़े पर संत बजरंग देवाचार्य महाराज, विधायक रामावतार बैरवा अन्य अतिथियों ने शिरकत की।

---

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्रवाई

# नाकाबंदी में 19 लाख का डोडा-चूरा पकड़ा, कार से 16 लाख रुपए जब्त

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

जिला विशेष टीम ने मंडफिया और भदेसर थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ दो अलग-अलग कार्रवाई में 126 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त किया है। टीम ने कार जब्त कर एक नाबालिग को डिटेन किया है, जबकि उसके साथी को नामजद किया है।

जब्त किए गए डोडा-चूरा की कीमत करीब 19 लाख रुपए बताई जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन नार्कोस चलाया जा रहा है। समस्त थानाधिकारी और जिला विशेष टीम को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं।




जिला विशेष टीम को सूचना मिली कि मंडफिया थाना क्षेत्र में गंठेड़ी से बानसेन की तरफ जाने वाली कार में अवैध डोडा-चूरा का ले जाया जा रहा है। टीम ने इस सूचना से तत्काल मंडफिया थाना पुलिस को अवगत कराया। थानाधिकारी मंडफिया शीतल गुर्जर ने पुलिस टीम के साथ गंठेड़ी- बानसेन रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक कार चालक कार को तेज गति से भगाकर ले गया, जिसका पुलिस टीम ने पीछा किया। इस पर चालक कार छोड़कर जंगल की तरफ भाग गया। पुलिस टीम कार में मौजूद एक नाबालिग को डिटेन किया है। कार की तलाशी मे पांच कट्टों में भरा हुआ डोडा-चूरा मिला। जिसका वजन 106।350 किलो था।

#### इधर, पशु बाड़े में मिला डोडा-चूरा

इसी प्रकार जिला विशेष टीम की ही सूचना पर भदेसर थानाधिकारी रविन्द्र सेन ने भूतिया कलां गांव में राजू पुत्र दयाराम जाट के पशु बाड़े में दबिश देकर चारे के बीच छुपाए हुए 19 किलो 700 ग्राम डोडा-चूरा बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों कार्रवाई में कुल 126.050 किलो अवैध डोडा-चूरा जब्त किया है। मंडफिया और भदेसर थाने में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है और आगे की जांच की जा रही है।

#### खुईयां थाना पुलिस ने कार से जब्त की लाखों की नकदी

**हनुमानगढ़।** जिले की नोहर तहसील की खुईयां थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से 16 लाख 50 हजार 500 रुपए की संदिग्ध नकदी जब्त की है। साथ ही कार को मोटर व्हीकल एक्ट में सीज किया है। खुईयां थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बिना रिकॉर्ड 50 हजार रुपए से अधिक नकदी लेकर नहीं जा सकते। इस क्रम में एफएसटी टीम नंबर छह में शामिल ओमप्रकाश चाहर, थाना के एएसआई ओमप्रकाश, हेड कांस्टेबल ग्यारसीलाल, कांस्टेबल पूनम सिंह, सुनाक अली व दीवान सिंह की ओर से थाना के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान टीम ने स्विफ्ट डिजायर कार नम्बर आरजे 14 सीएक्स 6208 को रुकवाया तो उसमें प्रदीप कुमार (35) पुत्र हरसाराम जाट व महावीर (50) पुत्र रामकुमार ब्राह्मण निवासी रायपुरा पीएस भानीपुरा जिला चूरू सवार थे। कार की तलाशी ली तो उसमें से 16 लाख 50 हजार 500 रुपए की संदिग्ध नकदी मिली। भारी मात्रा में नकदी मिलने पर उसे नियमानुसार सीज करने की कार्रवाई की गई। साथ ही कार को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।



## यूपीएससी टॉपर आदित्य श्रीवास्तव ने शेयर की सिविल सर्विस एग्जाम संबंधी मोटिवेशनल बातें...

# मन में देश प्रेम और सेवा का भाव तभी इस क्षेत्र में आए : आदित्य

**बेधड़क** | जयपुर

यूपीएससी सीएसई का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। रिजल्ट में इस बार यूपी के लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक वन लाकर परीक्षा में टॉपर रहें। आदित्य अभी हैदराबाद में आईपीएस की ट्रेनिंग ले रहे हैं। वे पहले भी यूपीएससी परीक्षा में सेलेक्ट हो चुके हैं। लेकिन अपने रैंक से खुश नहीं होने के कारण उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी और इस बार एआईआर वन के साथ पहला स्थान हासिल किया। श्रीवास्तव का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने तैयारी करने और इस क्षेत्र में आने से जुड़ी जरूरी बातें शेयर की हैं। उन्होंने सिविल सेवा में भविष्य बनाने की चाह रखने वाले युवाओं के लिए कुछ टिप्स और मोटिवेशनल बातें कही हैं। सिविल सेवा की खासियत है कि आप केवल अपना ही नहीं बल्कि लाखों लोगों का जीवन प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने नक्सलवाद का उदाहरण देते हुए अपनी बात कही। कहा कि देश में ऐसे कई हिस्से हैं जो नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित हैं। यहां के आम जनों के बीच शिक्षा और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच पाती हैं। अधिकारी ऐसे क्षेत्रों में जाकर ये सुविधाएं लोगों तक पहुंचाने का काम कर सकते हैं। यही इस क्षेत्र में काम करने का फायदा है। यदि युवाओं में देश प्रेम और सेवा का भाव है तब ही उन्हें सिविल सेवा में आने का मन बनाना चाहिए।



### प्री में फेल हुआ तो मायूस हो गया था

आदित्य के पिता के अनुसार उसने 8वीं में भी NTSE (नेशनल टैलेंट सर्च एग्जाम) की तैयारी की थी। आज जो रिजल्ट आया, ये उम्मीद से कई गुना ज्यादा है। आदित्य का हमेशा पढ़ाई पर फोकस रहा है। पहली बार जब प्री में फेल हो गया था तो थोड़ा मायूस हुआ। पर उसे खुद पर भरोसा था। कभी खुद को भटकने नहीं दिया। सिर्फ एक ही लक्ष्य पर फोकस किया। आदित्य की मां आभा श्रीवास्तव हाउस वाइफ हैं। मामा विनोद कुमार मसूरी के आईएएस ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर रह चुके हैं।

### छोड़ दी अच्छी सैलरी वाली जॉब

आदित्य ने अपने तीसरे प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। इससे पहले भी उनका यूपीएससी क्लियर हो चुका था लेकिन वो अपने रैंक से खुश नहीं थे, जिसके बाद उन्होंने कड़ी मेहनत की और आज रिजल्ट सबके सामने है। आदित्य ने आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग की है। आदित्य ने 2014 में लखनऊ के CMS की अलीगंज ब्रांच से इंटर किया। इंटर में उनके 98.4% मार्क्स थे। 2019 में IIT कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया। इसके बाद बेंगलुरु में अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स में 15 महीने नौकरी की। इसके बाद 2020 में UPSC की तैयारी के लिए नौकरी छोड़ दी थी।

### सुविधाओं के लिए यूपीएससी कभी नहीं जॉइन नहीं करें

उन्होंने तैयारी करने और इस क्षेत्र में आने से जुड़ी जरूरी बातें शेयर की हैं। आदित्य का कहना है कि शुरू में लोगों को यहां मिलने वाली सुविधाएं जैसे गाड़ी-बंगला वगैरह बहुत आकर्षित करता है पर यह नशा कुछ ही दिनों में उतर जाता है। अगर आप भी इन्हीं सुविधाओं के लिए इस क्षेत्र में आना चाहते हैं तो मत आइए। आदित्य श्रीवास्तव का कहना है कि सिविल सेवा एक ऐसा क्षेत्र है जहां नौकरी के बाद भी काफी संघर्ष करना पड़ता है।

---

**Yuva स्टोरीज**

## तपती धूप से बचाने के लिए पक्षी घर वितरित



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के मुरलीपुरा स्थित संस्कृति चिल्ड्रेंस अकेडमी के प्रांगण में अपना संस्थान (पर्यावरण संरक्षण) के मार्गदर्शन में बुधवार को भामाशाह सुधीर अग्रवाल के सहयोग से बीस हज़ार ठंडे मिट्टी के पक्षी घरों का निःशुल्क वितरण किए गए। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि प्रांत संयोजक अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि रामनवमी के पावन पर्व पर प्रभु राम के पदचिह्नों पर चलते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रभु राम का जन्मोत्सव है और प्रभु राम ने जटायु को पिता मानकर उनका दाहः संस्कार का कार्यक्रम किया था, क्योंकि वे अपने पिता के दाह संस्कार में शामिल नहीं हों पाए थे, इसलिए पक्षी राज जटायु को पिता स्वरूप माना। प्रभु राम के पक्षियों के प्रति इसी भाव को ध्यान में रखते हुए हमने संस्कृति चिल्ड्रेंस अकेडमी के प्रांगण में पक्षियों को इस तपती धूप से बचाने के लिए मिट्टी के पक्षी घर निःशुल्क वितरित किए। संस्कृति चिल्ड्रेंस अकैडमी विद्यालय सचिव आयुष कुमार ने कहा कि जहां एक तरफ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग़रीब परिवारों के लिए निःशुल्क आवास की व्यवस्था कर रहे है, वही हमने भी मूक प्राणियों के लिए यह निःशुल्क पक्षी घर वितरण का कार्यक्रम अपने विद्यालय में आयोजित किया। विद्यालय परिवार द्वारा प्रांत संयोजक अशोक शर्मा को पर्यावरण संरक्षण की टीम, भामाशाह सुधीर का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महानगर की समस्त टीम, महेश स्वामी, एससीए पूर्व छात्र-अंकित घायल, सूजल सेनी , रोहित श्रेष्ठी, मानवेन्द्र सिंह, प्रिंस सेनी, सौरव गुप्ता, भानु सिंह, बलवंत सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मतदान है आपका अधिकार...



**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को होने वाले जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान होगा। ऐसे में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर पूर्व एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र मालवीय नगर सुमन पंवार की मौजूदगी में जयपुर के टोंक रोड स्थित नेहरू बाल उद्यान में स्वीप कार्यक्रम सतरंगी सप्ताह के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सफेद रंग की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में मैं भारत हूं, भारत है मुझ में मतदाता गीत का सांकेतिक भाषा में संजय भारद्वाज सुपरवाइजर एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक यूथ चला बूथ के जरिये मतदान के महत्व का मंचन किया गया। कार्यक्रम में पंवार ने प्रतिभागियों को मतदान की शपथ दिलवाई। उन्होंने वोटर हेल्पलाइन, सक्षम, सी विजिल, केवाईसी, एप के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मालवीय नगर निगम ग्रेटर की उपायुक्त अर्शदीप बरार, तहसीलदार सीमा शर्मा, सह प्रभारी स्वीप संजीव तिवाड़ी, आमजन एवं विविध स्कूल के एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स, छात्रों आदि ने शिरकत की।

## मतदान के प्रति किया जागरुक

**बेधड़क** | जयपुर

स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्याधर नगर जोन नगर निगम ग्रेटर जयपुर व माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल विद्याधर नगर जयपुर के स्टाफ व विद्यर्थियों द्वारा संयुक्त रूप से गणेश पार्क सेक्टर-2 में नुक्कड़ कार्यक्रम किया गया। अभियान का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्याधर जोन नगर निगम ग्रेटर की ओर से सहायक अभियंता अजय सिंह धाकड़, दिव्या गौतम व सीएसआई रामप्रकाश आदि थे।

---

## ब्रांडस को पहचान दिलाने के लिए होती है जरूरत

# फैशन कम्यूनिकेशन बना है नया कॅरिअर ऑप्शन

**बेधड़क** | जयपुर

आज के दौर में फैशन इंडस्ट्री का विस्तार काफी तेजी से हो रहा है। लोगों में स्टाइल एवं ब्रांड्स के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और प्रतिस्पर्धा के चलते ब्रांड्स अपने को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। फैशन इंडस्ट्री के तेजी से हो रहे विस्तार से एक ओर जहां विदेशी ब्रांड और डिजाइनर कंपनियां भारत में धावा बोल रही हैं, वहीं कुछ भारतीय ब्रांड भी इंटरनेशनल ब्रांड्स को बराबरी की टक्कर दे रहे हैं। फैशन इंडस्ट्री में आए दिन हो रहे परिवर्तनों के चलते ऐसे कई नये क्षेत्र विकसित हो रहे हैं, जो युवाओं को बेहतरीन करियर बनाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। फैशन कम्युनिकेशन ऐसे ही क्षेत्रों में से एक है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में किसी ब्रांड के लिए अपनी पहचान को बनाये रखना काफी मुश्किल होता जा रहा है। इस काम को आसान बनाते हैं फैशन कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स, जो डिजाइनिंग स्ट्रेटजी को प्रोडक्ट की सीमा से परे ले जाकर उसमें कम्युनिकेशन के सभी पहलुओं को शामिल कर उसे औरों से अलग बनाने और ग्राहकों में उस प्रोडक्ट व ब्रांड के प्रति विश्वसनीयता पैदा करते हैं। आप फैशन के क्षेत्र में रुचि रखने के साथ अच्छी कम्युनिकेशन की खूबी रखते हैं, तो फैशन कम्युनिकेशन में संभावनाएं तलाश सकते हैं।



### इन संस्थानों में लेना होगा प्रवेश

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी।
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन, हैदराबाद।
- इंस्टीट्यूट ऑफ पर्ल एकेडमी (गुड़गांव)।
- पर्ल एकेडमी ऑफ फैशन, नयी दिल्ली।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआइडी), गुजरात।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (आईआईएफटी)

### ऐसे मिलेगा मौका

फैशन कम्युनिकेशन एक ऐसा कोर्स है, जो मीडिया, फैशन और ग्राफिक डिजाइन, फैशन फोटोग्राफी, फैशन जर्नलिज्म एंड पब्लिकेशन, प्रोडक्ट लॉन्च, पब्लिक रिलेशन, एग्जीबिशन एंड इवेंट मैनेजमेंट जैसी कल्चरल इंडस्ट्री में प्रवेश करने का मौका देता है। यह एक ऐसा यूनीक कोर्स है, जो फैशन के क्षेत्र में रुचि लेनेवाले उम्मीदवार में किसी भी देश के फैशन उद्योग को प्रभावित करनेवाले आर्थिक कारकों जैसे साइकोलॉजी, फिलॉसफी, साइकोलॉजी आदि की समझ विकसित करता है। आप अगर स्वयं-प्रेरित व्यक्ति हैं, तो आप खुद ही मीडिया साक्षरता और बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल विकसित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप किसी फैशन ब्रांड को पहचान दिलाना चाहते हैं, कैंपेन के माध्यम से किसी प्रोडक्ट को प्रमोट करना चाहते हैं, तो इसके लिए फैशन कम्युनिकेशन का क्षेत्र आपको वैचारिक, ऑडियो-विजुअल और लिखित संचार कौशल विकसित करने में सक्षम बनाता है। साथ ही आपको आर्ट डायरेक्शन, फोटोग्राफी, ग्राफिक्स, फैशन स्टाइल, कॉपीराइटिंग, फैशन जर्नलिज्म और एडवरटाइजिंग में श्रेष्ठ बनाता है।

### यह होनी चाहिए योग्यता व गुण

किसी भी संकाय एवं विषय के साथ 12वीं पास करनेवाले उम्मीदवार फैशन कम्युनिकेशन के बैचलर डिग्री कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वहीं फैशन कम्युनिकेशन में बैचलर डिग्री करनेवाले उम्मीदवार मास्टर एवं डॉक्टरल लेवल प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में प्रवेश करनेवाले उम्मीदवार में रचनात्मक एवं गहन सोच, प्रशंसा करने की कला, विभिन्न प्रकार के परिवेश में छिपी रचनात्मकता को समझने की जागरूकता, समकालीन और ऐतिहासिक सांस्कृतिक सामग्री की समझ आदि गुणों का होना आवश्यक होता है। साथ ही उम्मीदवार में किसी सामग्री, बाजार, ग्राफिक्स, फोटोग्राफी और लेखन की जांच, विश्लेषण और मूल्यांकन करने की समझ होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उम्मीदवार में प्रोडक्ट मैनेजमेंट, कस्टमर बिहेवियर और मार्केट रिसर्च के प्रति गहरी रुचि होनी चाहिए।

### सिखाना होता है ये चीजें

फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में उन युवाओं के लिए बेहतरीन मौके हैं, जो डिजाइन स्ट्रेटजी, ब्रांड्स और पोर्टफोलियो आदि का काम करना चाहते हैं। साथ ही इस क्षेत्र में प्रवेश करनेवाले उम्मीदवार फैशन बिजनेस, रिटेल मर्चेंडाइजिंग, कम्युनिकेशन फील्ड जर्नलिज्म, टेलीविजन, इवेंट मैनेजमेंट आदि में करियर बना सकते हैं। इस कोर्स में बेसिक ऑफ डिजाइन, टेक्निकल ड्राइंग, फैशन स्टडी, प्रिंसिपल ऑफ मार्केटिंग, फैशन स्टाइल, फैशन जर्नलिज्म और पोर्टफोलियो डेवलपमेंट के बारे में बताया जाता है। कोर्स पूरा करने के बाद स्टूडेंट मार्केटिंग, मैनेजमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप, ब्रॉडकास्ट प्रोडक्शन, फैशन जर्नलिज्म, विजुअल मर्चेंडाइजिंग आदि में अपना करियर बना सकते हैं। पैंटालून, शॉपर्स स्टॉप, मार्क्स एंड स्पेंसर, लाइफस्टाइल, बेन टेन, लिबर्टी, फेमिना, एमटीवी ऐसी मुख्य कंपनियां हैं, जो बड़ी संख्या में फैशन कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स को हायर कर रही हैं।

---

## स्कूटी मिली तो आलिया के चेहरे पर आई मुस्कान



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के निवारू रोड़ स्थित जेवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा आलिया पुत्री निजामुद्दीन को 12वीं में कला वर्ग में 98% प्राप्त करने पर "काली बाई भील मेधावी-छात्रा स्कूटी योजना" के अन्तर्गत राज्य सरकार की ओर से स्कूटी प्रदान की गई। महाविद्यालय निदेशक मंजू शर्मा ने छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। छात्रा के पिता निजामुद्दीन ने महाविद्यालय परिवार की गतिविधियों और महाविद्यालय की तरह से किये गए अथक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर महाविद्यालय की निदेशक मंजू शर्मा, भरत शर्मा, गीत आर्या, डॉ मनिषा शर्मा, मनोज मीना, अजय पाटोदिया और अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

## रीना को मिला 35.62 लाख का प्लेसमेंट पैकेज

**बेधड़क** | जयपुर



राजधानी की एक निजी यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट डॉ. रीना रॉय शर्मा ने 2024 प्लेसमेंट सीजन में 35.62 लाख रुपए सालाना का सबसे बड़ा पैकेज हासिल कर रिकॉर्ड बनाया है। रीना राजस्थान के जोधपुर शहर की रहने वाली हैं और जयपुर में हेल्थ केयर एजुकेशन की पढ़ाई करवा रही एक निजी यूनिवर्सिटी से एमबीए किया है। रीना का पालन-पोषण उनकी मां और सेवानिवृत्त बैंकर पिता ने किया, जो वर्तमान में किसान हैं। परिवार ने उन्हें शिक्षा हासिल करने और स्वाधीन बनने के लिए प्रोत्साहित किया। वह अपने सात भाई-बहनों के बीच बड़ी हुई है।

अपनी बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) की डिग्री पूरी करने और 4 साल जॉब एक्सपीरियंस के बाद रीना ने निजी यूनिवर्सिटी के एमबीए कार्यक्रम में दाखिला लिया। इसके बाद कुशल हेल्थकेयर मैनेजर बनने के कदम बढ़ाए। स्वास्थ्य सेवा प्रशासन की अपनी स्वाभाविक योग्यता को पहचानते हुए उन्होंने अपनी क्षमताओं और ज्ञान को विकसित किया और एक सक्षम एवं आत्मविश्वासी पेशेवर बन गईं, जो स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तत्पर थीं।

उन्होंने अस्पताल के जनरल डिपार्टमेंट में 6 महीने की इंटर्नशिप की, जहां उन्हें महत्वपूर्ण व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने कॉस्मेटोलॉजी और फेशियल एस्थेटिक्स में भी डिप्लोमा प्राप्त किया, जिसने उन्हें अन्य प्रतिस्पर्धियों से भिन्न बना दिया।

---

**डिस्कशन** | द पैलेस स्कूल के स्टूडेंट्स ने किया सेशन कोर्ट का विजिट

# स्टूडेंट्स ने कोर्ट का विजिट कर जानी न्याय प्रणाली

**बेधड़क** | जयपुर

सिटी पैलेस स्थित द पैलेस स्कूल की क्लास 11वीं और 12वीं के न्याय अध्ययन स्टूडेंट्स ने बनी पार्क, जयपुर के सेशन कोर्ट का विजिट किया। विजिट से स्टूडेंट्स को शिक्षात्मक ही नहीं, बल्कि न्यायिक कार्यप्रणाली के बारे में समझने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर मिला।

स्टूडेंट्स का दिन एक प्रेरणादायक परिचय सत्र से शुरू हुआ, जिसमें एडवोकेट अशुतोष ने मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की । उन्होंने स्टूडेंट्स को कोर्ट की संरचना और कोर्ट प्रक्रिया की जटिलताओं को सरल भाषा में समझाया। वहीं स्टूडेंट्स में न्याय प्रणाली को देखने से



अजीबा सा उत्साह नजर आया। स्टूडेंट्स ने एनआई (नेगोशियेबल इंस्ट्रूमेंट्स) कोर्ट का भी विजिट किया। जहां उन्होंने एक चेक बाउंस केस की लाइव सुनवाई को देखा। इससे उन्हें चेक बाउंसिंग के कारणों और निर्धारित कदमों के अनुभवों को समझने में मदद मिली। वहीं उनकी जिज्ञासा भी शांत हुई।

### 112 एप के बारे में स्टूडेंट्स को बताई यूज लेने की जानकारी

स्टूडेंट्स ने नागरिक और जुर्माने कोर्टों को भी देखा, जहां गवाहों की परीक्षण और परपरीक्षण को देखा गया। इससे अनुभव से उन्हें नागरिक और जुर्माने के मूल पहलुओं को समझने में मदद मिली। विजिट के दौरान एक अन्य कोर्ट भी देखी गई। यहां यौन शोषण से संबंधित मामलों की चर्चा हुई। यहाँ, एक वकील ने उन्हें 112 ऐप के बारे में जानकारी दी। इस एप से आपातकालीन समस्या होने पर पुलिस मदद मिलती है। वहीं अंत में विजिट का समापन जिला न्यायाधीश (डीजे) कोर्ट और अतिरिक्त जिला न्यायाधीश



(एडीजे) कोर्ट के दौरें के साथ समाप्त हुआ, यहां उन्होंने एक परिवादी के मामले की प्रक्रिया को नजदीक से देखा।


# जनसाधारण को समर्पित है भाजपा का संकल्प पत्र



डॉ. सौरभ मालवीय
वरिष्ठ साहित्यकार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यक्तित्व एवं कृत्तिव से भारतीय राजनीति में अपनी एक ऐसी पहचान स्थापित की है, जिसका कोई अन्य उदाहरण फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने भाजपा को निरंतर दस वर्ष केंद्र की सत्ता में बनाए रखा। भाजपा की प्रायः सभी पुरानी घोषणाओं विशेषकर अयोध्या में राम जन्मभूमि एवं राम मंदिर का निर्माण, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने, नागरिक संशोधन अधिनियम, तीन तलाक, लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटों पर आरक्षण देने आदि को पूर्ण करके यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा की कथनी एवं करनी में कोई अंतर नहीं है। इसीलिए भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र को 'भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024' नाम से जारी किया है। इस संकल्प पत्र की एक विशेष बात यह भी है कि इसमें भाजपा ने जनता से कोई लुभावना वादा नहीं किया है। भाजपा का संपूर्ण ध्यान जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने एवं विकास पर है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं विकास पर विशेष बल दिया गया है। वास्तव में यह संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं निर्धन वर्ग पर केंद्रित है।

भाजपा द्वारा इस संकल्प पत्र में जनता को मोदी की गारंटी दी गई है। गरीब परिवारों की सेवा- मोदी की गारंटी, मध्यम-वर्ग परिवारों का विश्वास, नारी शक्ति का सशक्तीकरण, युवाओं को अवसर, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता, किसानों का सम्मान, मत्स्य पालक परिवारजनों की समृद्धि, श्रमिकों का सम्मान, एमएसएमई, छोटे व्यापारियों और विश्वकर्माओं का सशक्तीकरण, सबका साथ सबका विकास, विश्व बंधु भारत, सुरक्षित भारत, समृद्ध भारत, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ लिविंग, विरासत भी विकास भी, सुशासन, स्वस्थ भारत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल के विकास, सभी क्षेत्रों के समग्र विकास, तकनीक एवं नवाचार तथा पर्यावरण अनुकूल भारत- मोदी की गारंटी सम्मिलित है। इसमें दो मत नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की वे पुरानी घोषणाओं को पूर्ण किया, जिन्हें पूर्व की सरकारों ने विवादास्पद बना रखा था। वे सरकारें इन विषयों को स्पर्श भी नहीं कर पा रही थीं। उन्हें लगता था कि ऐसा करने से उनका 'वोट बैंक' उनसे छिन जाएगा। शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस पीड़ित वृद्ध महिला का साथ देने की बजाय उसके पति के साथ खड़ी हो गई। यद्यपि उसने अपनी वृद्ध पत्नी पर अत्याचार करते हुए उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। कट्टरपंथियों के दबाव में कांग्रेस झुक गई। परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद में विधेयक पास करवाकर शाहबानो जैसी महिलाओं के लिए समस्याएं खड़ी कर दी थीं। किन्तु यह नरेंद्र मोदी का दृढ़ संकल्प ही था कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से छुटकारा दिलाने के लिए कानून बनाया।





> "नरेंद्र मोदी का दृढ़ संकल्प ही था कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से छुटकारा दिलाने के लिए कानून बनाया। मोदी ने ऐसे अनेक कड़े निर्णय लिए। वे किसी भी दबाव के आगे नहीं झुके। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत प्रधनामंत्री ही देश को आगे लेकर जा सकता है। अभी देश में 'समान नागरिक संहिता' लागू करने का प्रकरण लंबित है।"

मोदी ने ऐसे अनेक कड़े निर्णय लिए। वे किसी भी दबाव के आगे नहीं झुके। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत प्रधनामंत्री ही देश को आगे लेकर जा सकता है। अभी देश में 'समान नागरिक संहिता' लागू करने का प्रकरण लंबित है। इस संकल्प पत्र के सुशासन की मोदी की गारंटी के द्वितीय बिंदु में कहा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परंपराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए।

इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि यदि भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आने का अवसर मिल जाता है तो वह अपने इन वादों को भी पूर्ण करेगी। भाजपा ने कहा है कि हमारा सुशासन का मूल मंत्र है। हमने पिछले दशक में अपनी नीतियों, तकनीकी के उपयोग और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से देश में सुशासन के नए आयाम कायम किए हैं। हम नागरिक और सरकार के बीच संबंध को निरंतर बेहतर बनाने के लिए संस्थागत सुधार करते रहेंगे और तकनीकी के सही उपयोग से सभी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

इस संकल्प पत्र में मोदी के दस वर्ष के शासनकाल में हुए कार्यों का आंकड़ों के साथ उल्लेख किया गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर पड़ सकता है गंभीर प्रभाव

# पग-पग पर डीपफेक का खतरा



रामदेव पोटलिया
टिप्पणीकार

> "जनता को डीपफेक तकनीक और उसकी पहचान के बारे में शिक्षित करने के लिए संवाद सत्र, कार्यशाला और ऑनलाइन पाठ्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। डीपफेक एक गंभीर खतरा है इसका मुकाबला करने के लिए संगठित व व्यापक प्रयास की आवश्यकता है, इसमें सभी हितधारकों की भागीदारी शामिल होनी चाहिए।"

प्रौद्योगिकी के तीव्र गति से आगे बढ़ने के साथ ही डीपफेक तकनीक एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरी है जो दुनिया भर में लोकतांत्रिक चुनाव को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। डीपफेक लोकतांत्रिक प्रकिया के लिए क नई चुनौती पेश करता है । बीते वर्षों में सोशल मीडिया के माध्यम से बढ़ते भ्रामक प्रचार-प्रसार ने वैसे ही लोकतंत्र में विश्वसनीयता और पारदर्शिता को संदेह के घेरे में खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया से चुनाव प्रचार की यह प्रवृत्ति कुछ चुनौतियां भी लेकर आई है, प्रमुख चुनौतियों में झूठे व भ्रामक प्रचार-प्रसार के माध्यम से मतदाताओं को गुमराह करने और हेरफेर करने के लिए डिजाइन करके परोसी जाने वाली साम्रगी रही है।

भारत में अगर गलत सूचना व भ्रामक प्रचार प्रसार के बढ़ावे से सामाजिक और राजनीतिक तनाव व अशांति का खतरा पैदा होने की चिंता पैदा होने लगी है। वॉयस क्लोनिंग व डीपफेक तकनीक एक नई चुनौती है। नकली ऑडियो व वीडियो का उपयोग जिसमें असली व नकली में फर्क करना आसान नहीं है व लोकतांत्रिक प्रकिया पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की राह में भी मुश्किल पैदा होने लगी है। सोशल मीडिया वोटरों को प्रभावित करने का एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है। यह मंच सस्ता, तेज व व्यापक है। अपने देश में स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने वालों की संख्या लगभग 75 करोड़ के करीब है, जिसमें करीब 46 करोड़ लोग सोशल मीडिया के किसी ने किसी प्लेट फार्म पर एक्टिव है। राजनीतिक दल व नेता इसका इस्तेमाल प्रचार के लिए बखूबी करते हैं, साथ ही मतदाताओं से सीधा संवाद भी स्थापित कर रहे हैं। ऐसे में सोशल साइट के जरिए राजनीतिक दल अपने पक्ष में माहौल तथा नेताओं की छवि बनाने अथवा धूमिल करने में लगे हैं। बढ़ते भ्रामक प्रचार-प्रसार के साथ ही वायस क्लोनिंग व डीपफेक तकनीकी का उदय एक खतरनाक पहलू है। तकनीक का दुरुपयोग कर फैलाई गई झूठी सूचनाओं एवं भ्रामक सामग्री चुनाव परिणाम को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। डीपफेक नेता, राजनीतिक दल और वोटर्स के सामने बड़ी चुनौती के रूप में सामने हैं। इसका चुनाव में गलत इस्तेमाल हो सकता है। जनता की राय बदलने, जनमत में हेरफेर करने और विरोधियों को बदनाम करने के लिए फर्जी वीडियो-ऑडियो साझा किए जा सकते हैं। इसके दुरुपयोग व संभावित खतरे पर विश्व के प्रभावशील लोगों ने अपनी चिंता जाहिर की है। एलेन मस्क मानते है कि आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस (एआई) मानव सभ्यता के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, ऐसा ना हो कि मशीनें इतनी ज्यादा बुद्धिमान हो जाए कि वो हमारे काबू से बाहर हो जाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक कह चुके हैं कि डीपफेक सदी में विकास का सबसे बड़ा टूल बन सकता है और 21वीं सदी को तबाह करने में सबसे बड़ी भूमिका निभा भी सकता है।



हाल ही अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में एक फर्जी ऑडियो वायरल हो गया, जिसमें अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कह रहे थे कि डेमोक्रेटिक को घर पर ही रहना चाहिए और चुनाव में हिस्सा नहीं लेना चाहिए। इसमें अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का रूप धारण करने वाले रोबोकॉल ने चुनाव में मतदान से दूर रहने का आग्रह किया, यह सुनकर लोग हैरान रह गए, क्योंकि बाइडेन ने कभी भी ऐसी कोई बात नहीं कही थी। यह ऑडियो डीपफेक तकनीकी का इस्तेमाल करके बनाई गई थी। हाल के लोकसभा चुनाव में भ्रामक सूचना, वायस क्लोनिंग व डीपफेक एक बहुत बड़ी समस्या के साथ सभी के लिए चिंता का विषय है। कई एक्ट्रेस व खिलाड़ी भी इसका शिकार हो चुके हैं। दुनिया के सबसे बड़े चुनाव यानी देश में करीब 97 करोड़ मतदाताओं के बीच एआई और डीपफेक कुछ उम्मीदवारों को बढ़ावा देने और लक्षित दर्शकों को व्यक्तिगत संदेश भेजकर चुनाव प्रचार में अपना रास्ता बना रहे हैं। एआई की मदद से किसी भी नेता की हूबहू आवाज की नकल की जा सकती है, ऐसे में नेता चुनाव में वोटर को रिझाने के लिए वॉइस क्लोनिंग टूल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। अभी तक चुनाव के वक्त हमें रिकॉर्डेड मैसेज वाले फोन आते थे, जिनमें कोई नेता वोट मांगता था, ये सब जानते हैं। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से कॉल की शुरुआत में ही आपको सीधे नाम लेकर भी संबोधित किया जा सकता है। ये चुनाव प्रचार को और ज्यादा निजी बना सकता है। फरवरी 2020 में भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने विधानसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में मतदाताओं को संबोधित तीन वीडियो जारी करने के लिए डीपफेक का इस्तेमाल किया। एआई टूल्स की मदद से कोई भी आसानी से डीपफेक तैयार कर सकता और ऐसे में वायरल होने के डर में हमारे देश के नेता भी चिंतित हैं।

हमारे देश के सामाजिक ताने-बाने में लोगों को अपने विधायक, सांसद और मंत्रियों से बहुत उम्मीदें होती हैं। नेताओं का एक नकली/अनुचित बयान भी खेल को पूरी तरह से बदल सकता है। ऐसे में अगर चुनाव के दौरान विपक्षी उम्मीदवार का कोई विवादित वीडियो वायरल हो जाए या कोई अनुचित बयान देकर चेहरा बदल दिया जाए तो क्या होगा? लोगों के बीच फर्जी और झूठे वीडियो कितनी तेजी से वायरल होते हैं? ये बात किसी से छुपी नहीं है। डीपफेक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके बनाई गई फर्जी खबरों को पहचानना बहुत मुश्किल है। आयोग के पास डीपफेक टेक्नोलॉजी से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। हालांकि चुनाव आयोग भी सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए एआई का उपयोग करने की योजना बनाने व तकनीक का उपयोग करके अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रहा हैं, ताकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन ना हो। आने वाले समय में डीपफेक एक बड़ी समस्या बन सकता है, इसलिए जरूरी है कि हम सोशल मीडिया पर देखी जाने वाली हर पोस्ट पर तुरंत भरोसा न करें। पहले जानकारी को अच्छी तरह से परखें, उसके बाद ही भरोसा करें। डीपफेक का पता लगाने के लिए कई टूल और उपाय का इस्तेमाल किया जा सकता है। चेहरे के हाव-भाव, त्वचा की रंगत और प्रकाश व्यवस्था में विसंगतियों की पहचान करना और उन संकेतों पर भी ध्यान दें। जनता को डीपफेक तकनीक और उसकी पहचान के बारे में शिक्षित करने के लिए संवाद सत्र, कार्यशाला और ऑनलाइन पाठ्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। डीपफेक एक गंभीर खतरा है इसका मुकाबला करने के लिए संगठित व व्यापक प्रयास की आवश्यकता है, इसमें सभी हितधारकों की भागीदारी शामिल होनी चाहिए। मौजूदा कानून व्यवस्था के तहत किसी व्यक्ति पर तब तक फर्जी खबर फैलाने के लिए मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, जब तक कि भारत की संप्रभुता, एकता या अखंडता के लिए खतरा न हो। हालांकि फिर भी गलत जानकारी फैलाने या किसी को बदनाम करने के आरोप में मौजूदा कानून भारतीय दंड संहिता 1860, नया कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 या आईटी नियम 2021 व कुछ अन्त कानूनी प्रावधानो के तहत कार्रवाई की जा सकती है और कड़ी सजा का भी प्रावधान है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# झूठ बरोबर तप नहीं



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

मान लिया झूठ बोलना पाप है, परन्तु यह बात आज तक समझ में नहीं आई कि लोग क्यों क्षण-क्षण में यह पाप करते हैं? एक बार मैंने झूठ बोला तो मेरे बच्चे ने मुझे टोक दिया- 'पापा, झूठ बोलना पाप होता है।' मैं मन-ही-मन बड़ा हंसा। सोचा बच्चा है, बड़ा होगा तब पता चलेगा कि झूठ बोलना कितना जरूरी है। मोटे रूप से यह समझ में आती है कि कई बार झूठ प्राथमिक तौर पर लाभान्वित करता है, परन्तु किसी ठोस हित का क्रियान्वयन इसके जरिए होता नजर नहीं आया। इसलिए क्षण-क्षण किए जाने वाले इस पाप पर व्यक्ति ही रोकथाम लगा ले तो बुराई नहीं है। अब साहब दुनिया है। किस-किस को रोकेंगे आप सत्य बोलते हैं, वे झूठ बोलते हैं। कम-से-कम प्रजातंत्र की सार्थकता का तो पता चलता है कि आदमी झूठ या सच कुछ तो बोल रहा है। झूठ कहां नहीं बोला जा रहा? यानी आप, हम सब बोलते हैं, फिर पता नहीं क्यों इसे पाप माना गया है? इस विषय पर यदि सविस्तार रिसर्च की जाए तो निश्चय ही इस पाप के साथ न्याय हो, सकने की संभावना है।

पन्नालाल जी का इस मामले में मुकाबला नहीं। एक बार मैंने उनसे कहा-'पन्नालाल जी, छोड़िए भी अब! पान-बीड़ी-सिगरेट-चाय-नाश्ता में आप अपना ईमान बेच आते हैं।'

बोले-'तो क्या करूं लाला, इस फटीचर ईमान का? खर्च निकल जाता है। पाप-पुण्य तो मैं जानता नहीं, परन्तु यह जरूर है कि 'झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप' वाली बात चरितार्थ हो रही है।'

'लेकिन आपकी छवि बड़ी धूमिल हो रही है इससे। आदमी को, अपने को कुछ बनाना भी चाहिए।' मैंने कहा। पन्नालाल जी यह कह कर चले गए-'अपनी छवि रखो अपने पास अच्छी नौकरी करते हो, दो नम्बर की कमाई आती है, इसलिए सत्यवादी हरिश्चन्द्र बनते हो। हमें सब पता है आप कितने पुण्य कर रहे हैं। दूसरे की रोजी-रोटी पर लात मारते आपको शर्म नहीं आती?'

मैं ठगा-सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही-'माफ करिए! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून।'

'जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है।' पन्नालाल जी ने कहा।

अब बताइए, झूठ पाप कहां हुआ? यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जाएगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा-'अरे भागवान, जरा सुना! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है?'

'कौन-सा पहाड़ा?' 'वही, झूठ बोलना पाप होता है?' 'आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूं।' पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला-'भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चैपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं। मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद।' 'घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत-प्रतिशत बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आई है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हमउम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूककर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने?'

'क्या कहा ?' मैंने पूछा। 'पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनेमा देख आते हैं?' मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गई कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- 'झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप' सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें।

## नॉलेज कॉर्नर: इस मंदिर पर महमूद गजनवी ने दो बार आक्रमण किया

# भारत का पहला ज्योतिर्लिंग 'सोमनाथ'

दुनियाभर में भारत एक ऐसा देश है, जहां सबसे ज्यादा मंदिर हैं। भारत के हर राज्य में कई बड़े-बड़े मंदिर हैं। सनातन धर्म में तीर्थ स्थानों का बहुत अधिक महत्व है। इन्हीं तीर्थ स्थानों में से एक है 'सोमनाथ' का मंदिर। यह मंदिर भारत का पहला ज्योतिर्लिंग माना जाता है। अरब सागर के किनारे बना यह मंदिर देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक है। इस मंदिर की खासियत यह है कि यह हिंदू आस्था का जितना बड़ा केंद्र है, उतना ही यहां आने वाले सैलानियों के लिए भी खास है। कई बार सागर की लहरें मंदिर परिसर तक आ जाती हैं, जो लोगों को बेहद रोमांचित करती हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं सोमनाथ मंदिर के बारे में...

### धार्मिक महत्व

यह मंदिर गुजरात राज्य के काठियावाड़ क्षेत्र में सौराष्ट्र में स्थित है। कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण स्वयं चंद्रदेव ने करवाया था। भगवान सोमनाथ (शिव) को सोम और चन्द्रमा के देवता के रूप में भी जाना जाता है। लोककथाओं की मानें तो इसी स्थान पर भगवान श्रीकृष्ण ने देहत्याग किया था। सोमनाथ का उल्लेख ऋग्वेद में भी मिलता है। यहां हिरण, कपिला और सरस्वती नदियों का त्रिवेणी महासंगम है। आज भी इस मंदिर को भारत के बारह ज्योतिर्लिंगों में सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में जाना जाता है। वर्तमान में मौजूद



सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण भारत की स्वतन्त्रता के बाद लौहपुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल ने करवाया। दिसम्बर 1955 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इसे देश को समर्पित किया।

### मंदिर का इतिहास

यह मन्दिर हिन्दू धर्म के उत्थान-पतन के इतिहास का प्रतीक रहा है। सोमनाथ मंदिर पर बार-बार आक्रमण होने के बाद भी आज यह देश का महत्वपूर्ण मंदिर है। प्रतिहार राजा नागभट्ट ने 815 में तीसरी बार इसका पुनर्निर्माण कराया था। सुल्तान महमूद गजनवी ने 1024 और 1026 में सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किए। गजनवी ने मंदिर को तहस-नहस कर लूट-पाट की। इस कारण यह मंदिर तकरीबन 750 साल तक ध्वस्त रहा। लेकिन वर्ष 1783 में अहिल्याबाई ने पुणे के पेशवा के साथ मिलकर ध्वस्त मंदिर के पास ही एक अलग मंदिर का निर्माण करवाया।

**भारत के बारह ज्योतिर्लिंग**

*भारत में कुल बारह ज्योतिर्लिंग हैं, जिनमें से दो (सोमनाथ, नागेश्वर) गुजरात, तीन (त्रयंबकेश्वर, धृष्णेश्वर, भीमाशंकर) महाराष्ट्र, दो (महाकालेश्वर, ओमकारेश्वर) मध्यप्रदेश, एक (काशी विश्वनाथ) उत्तरप्रदेश, एक (वैद्यनाथ) झारखंड, एक (मल्लिकार्जुन) आंध्र प्रदेश, एक (रामेश्वर) तमिलनाडू और एक (केदारनाथ) उत्तराखंड में है।*

कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
आज जयपुर में राजपूत सभा द्वारा आयोजित सप्तम सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए नव विवाहित जोड़ों को नव वैवाहिक जीवन के लिए मंगलमय शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## तृणमूल कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र जारी: 10 मुफ्त LPG सिलेंडर, गरीबों को घर और युवाओं को रोजगार देने का वादा

# CAA रद्द होगा, NRC व यूनिफॉर्म सिविल कोड नहीं करेंगे लागू: TMC

**एजेंसी** | कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस ने अगामी लोकसभा चुनाव के पहले चरण शुरू के मतदान से दो दिन पहले बुधवार को अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। इसमें 10 वादों का उल्लेख किया गया है तथा इसे 'दीदिर शोपोथ' नाम दिया गया है। पार्टी ने घोषणा पत्र में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को रद्द करने और एनआरसी को रोकने तथा समान नागरिकता संहिता (यूसीसी) को लागू नहीं करने का वादा किया है।

इसके साथ ही पार्टी घोषणा पत्र में बीपीएल परिवारों को घर पर राशन मुहैया कराने व उन्हें 10 रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त देने, किसानों के लिए सुनिश्चित एमएसपी, एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति देने का वादा किया गया है। वहीं, पार्टी ने देश भर में हर गरीब परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। रोजगार के मोर्चे पर टीएमसी ने सभी जॉब कार्ड धारकों और श्रमिकों को प्रति दिन 400 तक न्यूनतम वेतन के साथ 100 दिनों की गारंटी वाले काम की घोषणा की है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन ने घोषणा पत्र जारी की।



### हिंदू वोटों को साधने की रणनीति

TMC के चुनाव घोषणा पत्र रामनवमी दिन जारी करने को लेकर भी सियासी जगत में चर्चा का विषय बना बन गया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा, तृणमूल कांग्रेस और ममता सरकार पर लगातार मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाती रही है। ऐसे में रामनवमी पर घोषणापत्र जारी करने को तृणमूल की हिंदू वोटों को साधने की रणनीति का हिस्सा बताया जा रहा है। सीएम ममता बनर्जी के प्रधान मुख्य सलाहकार डॉ. अमित मित्रा ने बाद में कि भाजपा लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर रही है। जब वे दिल्ली गए तो हमारे नेतृत्व को अपमानित किया गया। हम इन सभी प्रमुख मुद्दों के खिलाफ लड़ेंगे।

### घोषणा पत्र में अन्य प्रमुख वादे

- सभी जॉब कार्ड धारकों को 100 दिनों का गारंटीकृत काम प्रदान किया जाएगा और सभी श्रमिकों को प्रति दिन न्यूनतम ₹400 वेतन मिलेगा।
- पूरे देश में प्रत्येक गरीब परिवार को सम्मानजनक आवास।
- प्रत्येक राशन कार्ड धारक को प्रति माह 5 किलो मुफ्त राशन।
- प्रत्येक लाभार्थी के घर तक निःशुल्क राशन पहुंचाया जाएगा।
- प्रत्येक बीपीएल परिवार को हर साल 10 एलपीजी सिलेंडर मुफ्त मिलेंगे।
- किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी। यह सभी फसलों की उत्पादन लागत से न्यूनतम 50% अधिक होगी।
- एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति की संख्या तीन गुना की जाएगी।
- 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए वर्तमान वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर ₹1,000 प्रति माह (₹12,000 वार्षिक) किया जाएगा।
- 25 वर्ष तक के सभी स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को मासिक छात्रवृत्ति के साथ 1 वर्ष की अप्रेंटिस प्रदान की जाएगी।
- उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को 10 लाख रुपए तक का स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा।
- स्वास्थ्य साथी के अनुरूप ₹10 लाख का स्वास्थ्य बीमा कवरेज।

---

## असम व त्रिपुरा में चुनावी सभाओं में गरजे पीएम मोदी

# कांग्रेस ने समस्याएं दी, BJP ने संभावनाओं का स्रोत बनाया

■ पूरे देश में चल रही है मोदी की गारंटी पूर्वोत्तर भी है गवाह



**एजेंसी** | अगरतला/गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम और त्रिपुरा में चुनाव सभाओं में कांग्रेस व वामपंथी दलों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने असम के नलबाड़ी और त्रिपुरा के अगरतला में चुनाव सभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस और वामपंथी दलों पर जमकर प्रहार किया। नलबाड़ी में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है। पूर्वोत्तर तो खुद ही मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस पूर्वोत्तर को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दी थी, उस पूर्वोत्तर को भाजपा ने संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। कांग्रेस ने अलगाववाद को खाद पानी दिया, मोदी ने पूर्वोत्तर को गले लगाने का काम किया। मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किए। जो कांग्रेस के 60 सालों में नहीं हुआ वो मोदी ने 10 वर्षों में करके दिखाया। भाजपा वो पार्टी है, जो सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर चलती है। राजग सरकार की योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं होता, उनका लाभ हर किसी को मिलता है।

### फिर एक बार, मोदी सरकार

लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने कहा,चार जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है। इसलिए लोग कहते हैं - 4 जून, 400 पार। फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने आगे कहा, "2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।

### लोगों को रामलला के सूर्य तिलक से जोड़ा

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उन्हें नलबाड़ी की सभा के बाद अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। पीएम मोदी ने नलबाड़ी में रैली में मौजूद लोगों को फोन की फ्लैश लाइट जला कर रामलला के सूर्य तिलक से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब सूर्य देवता स्वयं प्रभु राम के जन्मदिन को मनाने के लिए किरण के रूप में उतर रहे हैं, पूरे देश में एक नया माहौल है और ये प्रभु श्रीराम का जन्मदिन 500 साल बाद आया है, जब उन्हें अपने घर में जन्मदिन मनाने का सौभाग्य मिला है।

## कांग्रेस-वामपंथी दिखने में प्रतिद्वंद्वी, पर्दे के पीछे एक

पीएम नरेंद्र मोदी ने त्रिपुरा के अगरतला में एक चुनावी रैली में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम पूर्वोत्तर के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मैं एकमात्र प्रधानमंत्री हूं जिसने एक दशक में 50 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है।

आज त्रिपुरा के लिए भाजपा का मतलब विकास की राजनीति है। जब त्रिपुरा में सीपीएम और कांग्रेस प्रमुख पार्टियां थीं, तब भ्रष्टाचार फल-फूल रहा था। वामपंथी पार्टियों ने त्रिपुरा को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। सतही तौर पर वामपंथी और कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी लग सकते हैं लेकिन पर्दे के पीछे उनकी विचारधारा एक ही है।

### त्रिपुरा के विकास के लिए HIRA मॉडल

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, हमने आयुष्मान भारत योजना का लाभ वरिष्ठ नागरिकों तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। त्रिपुरा के विकास के लिए भाजपा ने एचआईआरए मॉडल – हाईवे, इंटरनेटवे, रेलवे और एयरवेज पर काम किया है। त्रिपुरा में 4-लेन हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है। एक समय त्रिपुरा में इंटरनेट कनेक्टिविटी का अभाव था। हालांकि अब पूरे त्रिपुरा में 5G इंटरनेट उपलब्ध है।

### PM ने उम्मीदों पर पानी फेरा: जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, 2019 से लोगों के साथ विश्वासघात किया और अब 2024 में उनका सत्ता से बाहर होना तय है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पीएम मोदी के एक बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट में यह बात कही। दरअसल पीएम मोदी ने बुधवार को दावा किया था कि वह 2014 में आशा के साथ, 2019 में विश्वास के साथ और 2024 में अपनी गारंटी के साथ लोगों के पास आए।

---

## कर्नाटक: चुनावी सभा में BJP पर साधा निशाना

# BJP सभी संस्थानों में अपने लोगों को बैठा रही है: राहुल

**एजेंसी** | बेंगलुरु



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह लोकसभा चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस है, जो संविधान के लिए लड़ रही है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा है, जो संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया की केंद्र में सरकार बनाती है वह आम आदमी, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सरकार होगी।

राहुल गांधी बुधवार को कर्नाटक के चुनावी दौरे पर थे। उन्होंने मांड्या में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही है। राहुल ने कहा कि भाजपा सभी संस्थानों में अपने लोगों को ही बैठा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ 22 से 25 अमीर लोगों की सरकार है। लेकिन, अगर विपक्षी गठबंधन सत्ता में आता है तो हमारी सरकार आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के लिए काम करेगी।

राहुल ने आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार 'हफ्ता बाजी' (जबरन वसूली योजना) चलाती है। उन्होंने चुनावी बॉन्ड योजना को दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा जबरन वसूली घोटाला बताया।

### मांड्या में कांग्रेस JDS के बीच मुकाबला

मांड्या में कांग्रेस का मुकाबला जेडीएस से है, जो राजग का हिस्सा है। यहां जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी और कांग्रेस नेता वेंकटरमणे गौड़ा आमने-सामने हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दावा किया है कि कांग्रेस इस बार राज्य की 15 से 20 सीटों पर जीत हासिल करेगी। राज्य में दो चरणों में मतदान होगा।

### पहली नौकरी का अधिकार देने का वादा

राहुल गांधी ने कहा कि मैं यहां कर्नाटक के बेरोजगार युवाओं को बताने आया हूं कि कांग्रेस पार्टी आपके लिए एक ऐतिहासिक काम करने जा रही है। इस योजना का नाम है 'पहली नौकरी पक्की'। इसका मतलब है कि युवा बेरोजगारों को कांग्रेस पहली नौकरी का अधिकार देने जा रही है। यदि आप डिप्लोमा धारक हैं या कॉलेज से स्नातक हैं, तो कांग्रेस पार्टी आपको पहली नौकरी का अधिकार देने जा रही है।

### करोड़पतियों का कर्ज माफ, किसानों का नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि किसानों ने मुझसे कहा कि करोड़पतियों का कर्ज माफ हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के 25 सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया है। यह पैसा मनरेगा के लिए 24 साल तक पर्याप्त है। किसान पूछ रहे हैं कि जब करोड़पतियों का कर्ज माफ हो सकता है, तो किसानों का क्यों नहीं हो सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी, जो अप्रेंटिस का अधिकार अपने युवाओं को देने जा रही है। हिन्दुस्तान में हम 400 रुपए न्यूनतम मजदूरी करेंगे। मनरेगा योजना हम गांव के साथ शहरों में भी लागू करेंगे।

---

## AAP ने लॉन्च की 'रामराज्य' वेबसाइट

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने 'राम राज्य' को लेकर अपनी अवधारणा जाहिर करने के उद्देश्य से बुधवार को एक वेबसाइट 'आप का राम राज्य' जारी की और कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में भगवान राम के आदर्शों को साकार करने की कोशिश की है।

## परमाणु हथियार नष्ट करने के माकपा वादे पर कांग्रेस को घेरा

# देश को कमजोर करने की गहरी साजिश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने देश में परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी घोषणापत्र के वादे के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस मुद्दे पर कांग्रेस से अपना रुख जाहिर करने की मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। राजनाथ सिंह ने करेल के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी सरकार ने ही देश का परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था।

### भगवान राम का विरोध करने वालों का पतन

भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा, भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे पतन का सामना करना पड़ा है, ऐसा ही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन में सहयोगी दोनों पार्टियां भगवान राम या रामनवमी के त्योहार का महत्व नहीं समझती हैं। इन लोगों ने रामनवमी के उत्सव में बाधाएं पैदा की हैं।

## दो सीटों पर चुनाव लड़ेंगे CM पटनायक

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल के अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बताया कि वे गंजम जिले में अपनी पारंपरिक सीट हिंजिली के अलावा बोलंगीर जिले के कांटाबांजी निर्वाचन क्षेत्र से भी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने इसकी घोषणा बुधवार को ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी करते हुए किया।

## पश्चिम बंगाल: चुनाव आयोग की सलाह

# कूचबिहार न जाएं राज्यपाल बोस

**एजेंसी** | कोलकाता

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को कूच बिहार का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द करने की सलाह दी है। आयोग का कहना है कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के पहले चरण की पूर्व संध्या पर राज्यपाल कूचबिहार का दौरा करने वाले हैं। बता दें कि कूच बिहार में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इससे 48 घंटे पहले यहां चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का 18 और 19 अप्रैल को कूच बिहार का दौरा प्रस्तावित है। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग का मानना है कि ऐसे में यह प्रस्तावित दौरा नहीं किया जा सकता है। आदर्श आचार संहिता के तहत राज्यपाल के लिए कोई भी स्थानीय कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकता है। आयोग ने यह भी कहा है कि 18 और 19 अप्रैल के दौरान पूरा जिला प्रशासन और पुलिस बल चुनाव प्रबंधन में लगा रहेगा। ऐसे में राज्यपाल की यात्रा से जिला प्रशासन और पुलिस बल भी प्रभावित होंगे।

---

## उत्तर प्रदेश की चुनावी चिट्ठी

# मायावती की रणनीति से बढ़ रही सपा-कांग्रेस व भाजपा खेमे की बेचैनी

■ मुस्लिम और ब्राह्मण समाज पर टिकी बसपा सुप्रीमो की नजर, टिकटों में दी प्राथमिकता

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में इस बार बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती एकला चलो की रणनीति और सामाजिक व्यूहरचना भाजपा नीत राजग और विपक्षी गठबंधन इंडिया दोनों के सामने मुश्किलें खड़ी कर रही है। मायावती पर विपक्षी खेमे से ही ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वह भाजपा की बी टीम है, लेकिन इस बार उनकी चुनावी व्यूह रचना राज्य में भाजपा के लिए भी परेशानी का सबब बन सकती है। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 80 संसदीय सीटे हैं और बसपा अब तक 55 सीटों पर अपने प्रत्यीश घोषित कर चुकी है। उनमें 14 प्रत्याशी मुस्लिम समाज से हैं। राज्य में मुसलमानों की आबादी करीब 20 फीसदी है। जबकि बसपा 25.45 प्रतिशत टिकट मुस्लिमों को दे चुकी है।

दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन इंडिया ने अब तक घोषित 72 सीटों में से सात टिकट ही मुसलमानों को दिए हैं। यह 10 प्रतिशत भी नहीं है। बसपा ने भाजपा के कोर वोटर ब्राह्मणों में से भी 11 को टिकट दिए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार मुस्लिम उम्मीदवारों को लेकर बसपा की यह नई रणनीति कई सीटों पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकती है।

वहीं बसपा ने कई सीटों पर वहां के जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर ब्राह्मण, ठाकुर और अन्य जाति के प्रत्याशी उतार कर भाजपा के समाने भी कड़ी चुनौती पेश की है। बसपा ने जौनपुर सीट से पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी को टिकट देकर भाजपा को तगड़ा झटका दे दिया है।



### नए समीकरण गढ़ने की तैयारी

बसपा ने 2019 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था। लेकिन चुनाव नतीजे आने के बाद दोनों दलों में दूरियां बढ़ने लगी थी। चुनाव नतीजों के बाद यह धारणा बनी कि जिन सीटों पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे।, वहां पर बसपा के वोटरों ने सपा को वोट न देकर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान किया। मायावती इस बात को लेकर इस बार भी आशंकित थी कि कहीं गठबंधन की वजह से बसपा के वोट भाजपा में न चले जाएं। उन्होंने न सपा से गठबंधन किया और न भाजपा के साथ गठबंधन किया। अब वे एकला चलो की राह पर हैं और उनकी जातीय समीकरण साधने की नई रणनीति सपा-कांग्रेस व भाजपा के लिए परेशानी का सबब बनने की संभावना है। मुस्लिम वोटों पर उनका फोकस सपा-कांग्रेस को तो ब्राह्मण वोटों पर फोकस भाजपा को नुकसान पहुंचा सकता है। अब देखना यह है कि राजग और विपक्षी खेमा इंडिया बसपा की रणनीति से उबरने के लिए क्या दांव चलते हैं।

### विधानसभा चुनाव पर है नजर!

सूत्रों के अनुसार मायावती की नजर लोकसभा चुनाव नहीं बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव पर है। इसलिए बसपा सुप्रीमो मायावती लोकसभा चुनाव के जरिए खुद को फिर से ताकत के साथ खड़ा करना चाहती है। ताकि बसपा का कैडर वोट बैंक कहीं भी न छिटके। इसी वजह से बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 अकेले दम पर लड़ रही है।

### यहां हो सकती है भाजपा को मुश्किल

बसपा ने मथुरा, गाजियाबाद, जौनपुर, लखीमपुरखीरी, मुजफ्फरनगर, बागपत, उन्नाव, अलीगढ़, आजमगढ़, मैनपुरी, मिर्जापुर, अकबरपुर, घोषी, फैजाबाद समेत कई सीट पर अपने प्रत्याशियों के जरिए भाजपा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी है। इसके अलावा जिन सीटों पर मुस्लिम कैंडिडेट उतारे हैं। वहां सपा और कांग्रेस को झटका देने की कोशिश की है। फिलहाल मायावती को अभी यूपी की कई सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करना बाकी है।

## जरूरी खबर

### समलैंगिक मामलों में समिति गठित देगी सुझाव

**नई दिल्ली** । केंद्र ने समलैंगिक समुदाय के मुद्दों पर गौर करने के लिए कैबिनेट सचिव की अगुआई में एक समिति गठित की है। इन मुद्दों में बिना भेदभाव के सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय तलाशना तथा यह देखना शामिल है कि इस समुदाय से जुड़े लोगों को हिंसा के खतरों का सामना नहीं करना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष 17 अक्टूबर को केंद्र सरकार से समलैंगिक समुदाय के मुद्दों पर गौर करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने को कहा था जिसके मद्देनजर यह समिति गठित की गई है। मंगलवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, समिति इस समुदाय से जुड़े मुद्दों को देखेगी।

### BRS प्रमुख केसीआर को नोटिस जारी



**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के लिए अपमानजनक टिप्पणी पर भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस नेताजी निरंजन की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, चुनाव आयोग ने कहा कि केसीआर ने 5 अप्रैल को सिरसिला में कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया था। नोटिस में कहा गया है कि आयोग को 6 अप्रैल को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन से एक शिकायत मिली है, जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि के.चंद्रशेखर राव ने सिरसिला में अपनी प्रेस वार्ता में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अभद्र, अपमानजनक और आपत्तिजनक आरोप लगाए थे।

### बंगाल: रामनवमी के जुलूस के दौरान विस्फोट

**कोलकाता** । बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी जुलूस के दौरान विस्फोट हो गया, जिसमें एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना जिले के शक्तिपुर की है। हम घटना की जांच कर रहे हैं। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि विस्फोट बम से हुआ है या फिर किसी अन्य कारण से। घायल महिला को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। मैं आप सभी से अपील करती हूं कि शांति, समृद्धि बनाए रखें।

## नौसेना: सोनार प्रणालियों के परीक्षण केंद्र का उद्घाटन




*तिरुवनंतपुरम। रक्षा विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने बुधवार को केरल में इडुक्की के कुलमावु में अंडरवाटर एकॉस्टिकरिसर्च फेसिलिटी में ध्वनिक विशेषता एवं मूल्यांकन के लिए एक अत्याधुनिक सबमर्सिबल प्लेटफॉर्म (स्पेस) का उद्घाटन किया। डीआरडीओ की नौसेना भौतिक और महासागरीय प्रयोगशाला द्वारा स्थापित स्पेस को जहाजों, पनडुब्बियों और हेलिकॉप्टरों सहित विभिन्न प्लेटफार्मों पर नौसेना के लिए निर्धारित सोनार प्रणालियों के लिए एक प्रमुख परीक्षण और मूल्यांकन केंद्र के रूप में डिजाइन किया गया है।*

### ड्राइविंग लाइसेंस कानून में बदलाव पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस कानूनी सवाल पर सुनवाई 30 जुलाई तक के लिए टाल दी कि क्या हल्के मोटर वाहन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक के वजन वाले ऐसे परिवहन वाहन को चला सकता है जिस पर कोई सामान नहीं लदा हो। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी द्वारा एक नोट प्रस्तुत करने के बाद मामले को स्थगित कर दिया। नोट में संकेत दिया गया था कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किए गए परामर्श में मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में संशोधन के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और आम चुनाव के बाद नवगठित संसद के समक्ष इन्हें रखा जाएगा। पीठ ने कहा कि मंत्रालय का रुख जानना आवश्यक होगा, क्योंकि यह तर्क दिया गया था कि मुकुंद देवांगन बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मामले में शीर्ष अदालत के 2017 के फैसले को केंद्र ने स्वीकार कर लिया था।

### जम्मू कश्मीर: चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने की साजिश

# अनंतनाग में आतंकी हमला प्रवासी श्रमिक को गोली मारी

**एजेंसी** | श्रीनगर

कश्मीर में सुरक्षित,शांत एवं विश्वासपूर्ण वातावरण में चुनाव कराने के लिए किए जा रहे सुरक्षा प्रबंधो के बीच आतंकियों ने बुधवार को जबलीपोरा,अनंतनाग में एक प्रवासी श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी। किसी आतंकी संगठन ने बुधवार देर रात गए तक इस वारदात की जिम्मेदारी नही ली थी, लेकिन पुलिस सूत्रों के अनुसार यह इस घटना में

लश्कर-ए-तैयबा का हिट स्क्वाड कहे जाने वाले द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का हाथ होने का संदेह है। प्रवासी श्रमिक की हत्या को कश्मीर में चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने और लोगों में भय पैदा कर उन्हें मतदान की प्रक्रिया से दूर रखने के आतंकी षडयंत्र का हिस्सा माना जा रहा है।

बीते एक सप्ताह में दक्षिण कश्मीर में यह दूसरी आतंकी वारदात है। इससे पूर्व आठ अप्रैल को शोपियां में उत्तराखंड का एक टैक्सी चालक आतंकी हमले में गंभीर रूप से जख्मी हुआ था। अनंतनाग से मिली जानकारी के अनुसार, बीजबेहाड़ा के पास बिलाल कालौनी जबलीपोरा में सूर्यास्त के बाद आठ बजे के करीब स्वचालित हथियारों से लैस दो से तीन आतंककारी आए। उन्होंने पकौड़े का ठेला लगाने वाले एक प्रवासी पर नजदीक से गोलियां दागी। गोलियों की आवाज से वहां हड़कंप मच गया और आस-पास मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की तरफ भागे।

गोलियों की आवाज सुनकर निकटवर्ती इलाके में गश्त कर रहे सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने उसी समय पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए प्रवासी नागरिक को उपचार के लिए जीएमसी अस्पताल अनंतनाग पहुंचाया।



### बाहरी श्रमिकों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र में सात मई को मतदान होने जा रहा है जबकि इस क्षेत्र के लिए नामांकन का अंतिम तिथि 19 अप्रैल है। इस वारदात के बाद प्रदेश प्रशासन ने पुलिस व अन्य सभी सुरक्षा एजेंसियों के वादी में अपने-अपने कार्याधिकार क्षेत्र में रहने वाले अल्पसंख्यकों और बाहरी श्रमिकों की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया है। अधिकारियों बताया कि आतंकी हमले में मारा गया श्रमिक बिहार का रहने वाला था।

### पुंछ में उग्रवादी ठिकाना ध्वस्त, तीन IED बरामद

**जम्मू**। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले जम्मू संभाग के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी सफलता लगी है। बुधवार को सीमावर्ती जिले के जंगली क्षेत्र से तीन विस्फोटक आईईडी बरामद किए गए हैं। इनमें से प्रत्येक का वजन 5 से 20 किलोग्राम के बीच था। इन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाकर नष्ट कर दिया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि विशेष इनपुट पर पुंछ के गुरसाई के वन क्षेत्र में बुधवार को पुलिस, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। जांच के दौरान घने जंगल के बीच एक गुफा में बनाए गए आतंकी ठिकाने का पता चला। इसके भीतर स्टील के कंटेनरों के अंदर रखे गए तीन आईईडी पाए गए। सीआरपीएफ अधिकारी ने कहा, तीन आईईडी को बरामद किया गया। इनमें से एक का वजन 15 से 20 किलोग्राम, दूसरे का वजन आठ से 10 किलोग्राम और तीसरे का वजन तीन से पांच किलोग्राम था।

सुरक्षाबलों ने आसपास के इलाके को घेर कर तलाशी अभियान चलाया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया और आईईडी को नष्ट कर दिया।

### मौसम विभाग में चेताया

# अब गर्मी दिखाएगी तेवर! कई राज्यों में बारिश भी संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत के मौसम का मिजाज इन दिनों बदला हुआ है। कहीं बारिश तो कहीं लू का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, कई राज्यों में लू चलने की संभावना है। जबकि 18 और 21 अप्रैल के दौरान पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश होने की संभावना है। हवा 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 20 अप्रैल तक देश भर के कई राज्यों में लू अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बुधवार को कोंकण, गोवा, सौराष्ट्र, कच्छ में लू का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा18 अप्रैल को तटीय आंध्र प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में झुलसाती गर्मी रहेगी। वहीं, 16 से 20 अप्रैल के दौरान ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल में 18 अप्रैल को तेलंगाना में लू चलने की भी भविष्यवाणी की गई है। लेकिन, आने वाले दिनों में दिल्ली वासियों को गर्मी से राहत मिलती रहेगी।

दिल्ली में पिछले कई दिनों से तेज धूप के साथ बीच-बीच में बादलों की आवाजाही भी बनी रही। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 35 से 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

### पूर्वोत्तर में भारी बारिश होने के आसार

इसके अलावा बात करें बारिश की तो मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय में भारी बारिश की भी भविष्यवाणी की है। इसके अलावा, 20 अप्रैल तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, राजस्थान, केरल सहित अन्य राज्यों में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

## फिर रेलवे ट्रैक पर डटे किसान, 8 ट्रेन रद्द

**एजेंसी** |अंबाला (हरियाणा)

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठ गए। वे हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे थे। किसानों ने अंबाला-लुधियाना रेल मार्ग बाधित कर दिया। लगभग दो हजार किसान 12 बजे के करीब शंभू रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। ऐसे में अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली 81 ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ।।

इस दौरान सुरक्षा कारणों से 18 ट्रेनें पूर्ण रूप से रद्द कर दी गईं, जबकि आठ ट्रेनों को बीच रास्ते में रद्द करना पड़ा। वहीं नौ ट्रेनों को बीच रास्ते में रोककर वापस लौटाया गया। इसके अलावा 46 ट्रेनों को बदले मार्ग से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने से रेलयात्रियों को विभिन्न मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शंभू बार्डर पर बुधवार की सुबह से ही किसानों का तांता लगा रहा।

## समुद्र में नाव से 11 लाख बरामद



*मुंबई । भारतीय तट रक्षकों ने महाराष्ट्र तट के पास से मछली पकड़ने वाली एक नाव पकड़ी है, जिसमें से नकदी जब्त की गई है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि टीम ने नाव से 11.46 लाख की नकदी जब्त की है।*

### Time मैग्जीन 2024: सत्य नाडेल व अजय बंगा के नाम शामिल

# साक्षी मलिक-आलिया भट्ट 100 प्रभावशाली लोगों की सूची में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान साक्षी मलिक को 'टाइम' पत्रिका ने 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है। बुधवार शाम जारी इस सूची में इस बार भी कई भारतीयों व भारतवंशियों को जगह मिली है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, अभिनेता देव पटेल और येल विश्वविद्यालय में भौतिकी के प्रोफेसर प्रियंवदा नटराजन सूची में शामिल हैं।

कुश्ती में भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता







साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गई है। साक्षी ने दो बार की विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट और टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया के साथ यहां जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। इन्होंने देश की महिला पहलवानों को डराने धमकाने और कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी।

विश्व बैंक के अध्यक्ष बंगा का जन्म महाराष्ट्र के पुणे में हुआ है। मशहूर शेफ अस्मा खान को भी इस सूची में जगह मिली है। कोलकाता में जन्मीं अस्मा खान मशहूर शेफ हैं और वो लंदन के मशहूर रेस्तरां दार्जिलिंग एक्सप्रेस की मालिक भी हैं। वहीं, तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्मीं प्रियंवदा नटराजन येल यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट्स ऑफ एस्ट्रोनॉमी एंड फिजिक्स की प्रोफेसर हैं।

ब्लैक होल्स को लेकर उनकी स्टडी के कारण दुनियाभर में उन्हें पहचाना जाता है। इसके अलावा अमेरिकी ऊर्जा विभाग के निदेशक जिगर शाह और रूस के दिवंगत विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया को भी सूची में स्थान दिया गया है।

### यह कहा गया है प्रोफाइल में

अमेरिका ट्रेजरी सेक्रेटरी जेनेट येलेन ने बंगा के बारे में टाइम की प्रोफाइल में कहा कि वे एक बड़ी कंपनी का नेतृत्व करने के बाद विश्व बैंक में आए हैं। उन्होंने लाखों बैंक रहित लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। उन्होंने विश्व बैंक में गरीबी मुक्त दुनिया बनाने के लिए एक नया दृष्टिकोण रखा है। इस दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए वे लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

### अद्भुत प्रतिभा की धनी हैं आलिया भट्ट

निर्देशक, निर्माचा और लेखक टॉम हार्प ने भट्ट को अद्भुत प्रतिभा बताया है। उन्होंने टाइम के प्रोफाइल में कहा कि भट्ट न केवल दुनिया की शीर्ष अभिनेत्रियों में से एक हैं , बल्कि वे एक व्यवसायी और परोपकारी महिला भी हैं, जो ईमानदारी से आगे बढ़ रही हैं।

### CGHS: 120 दिन में खाते से लिंक करनी होगी आईडी

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के लाभार्थियों के लिए 'एबीएचए' आईडी बनाने की समय सीमा बढ़ा दी गई है। साथ ही सीजीएचएस आईडी को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते से लिंक करने की समयावधि को भी बढ़ाया गया है। अब आभा आईडी बनाने की समय सीमा सीमा 30 जून से तीन माह के लिए बढ़ाई गई है। इसके साथ ही CGHS ID को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) से लिंक करने की समयावधि में 120 दिन का इजाफा किया गया है। यानी 30 जून से 120 दिन के भीतर सीजीएचएस और ABHA को लिंक करना होगा।

### WAR 2 की शुटिंग मुंबई में शुरू, ऋतिक रोशन और RRR स्टार की तस्वीरें वायरल

# ‘दूसरे युद्ध’ में जूनियर NTR हीरो होंगे या फिर... बनेंगे खलनायक

बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म वॉर 2 को लेकर दर्शकों के बीच भारी क्रेज है। इस फिल्म का मेकर्स ने अभी तक आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया है। मगर मुंबई में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। जिसके लिए बीते दिनों तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी मुंबई पहुंच चुके थे। अब इस शूटिंग सेट से ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का फर्स्ट लुक लीक हो गया है। दोनों सुपरस्टार मुंबई में एक अहम सीन की शूटिंग कर रहे थे। जहां से इन दोनों सितारों के लीक हुए फर्स्ट लुक ने ट्विटर की दुनिया में तहलका मचा दिया है। जिसे देख लोग इस फिल्म को लेकर और एक्साइटेड होने लगे हैं। चर्चा है कि इस मूवी में जूनियर एनटीआर डबल रोल में नजर आने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इनमें एक हीरो होगा और एक विलन।





#### अयान मुखर्जी बना रहे हैं ‘वॉर 2’

तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन स्टारर मूवी ‘वॉर 2’ को इस बार सिद्धार्थ आनंद नहीं, बल्कि निर्देशक अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म को यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। जो यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स कड़ी की अगली फिल्म होगी। इस फिल्म में एक बार फिर ऋतिक रोशन जबरदस्त एक्शन अवतार में दिखेंगे। जबकि, इस मूवी के साथ तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख रहे हैं। यही वजह है कि एंटरटेनमेंट न्यूज की दुनिया में ‘वॉर 2’ को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज है।

#### इन फिल्मों में बिजी हैं ऋतिक-एनटीआर

बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन अपनी पिछली सुपरहिट मूवी ‘फाइटर’ के बाद यशराज फिल्म्स की ही अगली मूवी ‘वॉर 2’ कर रहे हैं। साथ ही उनके होम प्रोडक्शन की मूवी ‘कृष 4’ को लेकर भी लंबे वक्त से चर्चा है। इधर, तेलुगु सुपरस्टार ‘वॉर 2’ से पहले अपनी दूसरी पैन इंडिया मूवी ‘देवरा’ लेकर सिनेमाघर पहुंच रहे हैं। ‘आरआरआर’ के बाद उनकी अगली फिल्म ‘देवरा’ को लेकर भी दर्शक उत्साहित हैं। इसके बाद एक्टर अपनी फिल्म ‘वॉर 2’ में बिजी हो चुके हैं। जबकि, साथ ही निर्देशक प्रशांत नील संग उनकी एनटीआर 31 भी पाइपलाइन में हैं।

## एड में टैलेंट दिखाएंगे राठौड़




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान के एक्टर-मॉडल बलवीर राठौड़ अब टाटा इंट्रा वी 50 लोडिंग पिकअप के विज्ञापन में टैलेंट दर्शाते नजर आएंगे। इसके लिए उन्होंने शूट किया, जिसमें वे ट्रेडिशन लुक में नजर आए। इससे पहले राठौड़ टाटा की कार वेंटुर, यूनिसेफ, पार्ले चॉकलेट व कई अन्य विज्ञापनों में काम कर चुके हैं। साथ ही उन्होंने सावधान इंडिया में कई एपीसोड में इंसिपेक्टर की भूमिका निभाकर टैलेंट दर्शाया है। उन्होंने बताया कि कई सोशियल मैसेज देने वाली शॉर्ट फिल्में और राजस्थानी मूवीज कर चुके हैं।

## सीए अंकुर सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** आईसीएआई जयपुर ब्रांच के पूर्व पूर्व सचिव सीए अंकुर कुमार गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण से सम्मान प्राप्त किया। सम्मेलन में सीए, सीएस, सीएमए, टैक्स प्रोफेशनल्स के साथ फोर्टी, टी आई ई राजस्थान जैसे विभिन्न संगठनों ने हिस्सा लिया।

## आलिया ‘टाइम’ की 100 हस्तियों में



**बेधड़क. जयपुर।** आलिया भट्ट ने एक बार फिर बॉलीवुड इंडस्ट्री का नाम रोशन कर दिया है। हर साल की तरह इस साल भी टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। इसकी जानकारी खुद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर घोषणा साझा की और लिखा, ‘#TIME100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #TomHarper को धन्यवाद’।

# City इवेंट्स

## सम्मेलन में विशेषज्ञों ने किया गाइड



**बेधड़क. जयपुर।** मार्केट प्लेस वेबसाइट वालमार्ट डॉट कॉम पर लैंडिंग पेज लॉन्च करेगा, जिससे जयपुराइट्स स्मार्ट बनेंगे। ये विचार विशेषज्ञों ने जयपुर में वालमार्ट के सम्मेलनों की श्रृंखला में हुए आयोजन के दौरान रखे। उन्होंने बताया कि कोई शुल्क नहीं लिया जाता है, जिससे लोगों को फायदा होगा। मिशेल मी ने कहा वालमार्ट के लिए भारत प्राथमिकता है और लैंडिंग पेज लाना लाना जयपुराइट्स और इंडियंस के लिए प्रतिबद्धता है।

## जन्म कल्याणक महोत्सव पर होगी सभा

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में सकल जैन समाज की ओर से जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव (जन्म जयंती) रविवार को मनाया जाएगा। अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन व समारोह के प्रमुख समन्वयक अशोक जैन नेता ने बताया कि शोभा यात्रा व धर्म सभा में शामिल होने के लिए शहर के 250 से अधिक मंदिरों में सम्पर्क किया जा चुका है। महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि महावीर पार्क से भगवान महावीर की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रामलीला मैदान में धर्म सभा होगी, जहां आचार्य चैत्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पहली बार दिगम्बर जैन मुनि दीक्षा होगी। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को भट्टारकजी की नसियां में राजस्थान जैन सभा जयपुर की कार्यकारिणी समिति की बैठक होगी।

## बेबी बंप के साथ शूटिंग कर रही दीपिका



**बेधड़क. जयपुर।** दीपिका पादुकोण की किटी में रोहित शेट्टी की ‘सिंघम अगेन’ है। इस फिल्म से उनका लुक पहले ही रिवील किया जा चुका है। वह कॉप ‘शक्ति शेट्टी’ के रोल में होंगी। इस फिल्म की शूटिंग लोकेशन से उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। ‘सिंघम 3’ के सेट से आई फोटोज में पुलिस की वर्दी में दीपिका काफी स्टाइलिश और ‘दंबग’ नजर आ रही हैं। सामने आई फोटोज में दीपिका का छोटा सा बेबी बंप भी नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी में भी एक्ट्रेस को काम करता देख फैंस ने उनकी तारीफ की है। वायरल हो रही तस्वीरों में दीपिका पादुकोण का हल्का से बेबी बंप साफ नजर आ रहा है। एक्ट्रेस चार महीने की प्रेग्नेंट हैं। प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट के बाद ये पहली बार है जब दीपिका ऐसे फिट कपड़ों में सामने नजर आ रही हैं। लोगों का ध्यान उनके पेट की तरफ जा रहा है, जो साफ-साफ हल्का सा उभरा नजर आ रहा है। दीपिका एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के लिए ‘सिंघम अगेन’ के सेट पर पहुंची थीं। वहां से उनकी बीटीएस फोटोज सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को निमंत्रण

# महावीर जन्म कल्याणक पखवाड़े के पोस्टर का किया विमोचन



**बेधड़क | जयपुर**


दिगम्बर जैन युवा व महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक से जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक तक चल रहे पखवाड़े का पोस्टर विमोचन हुआ। उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विमोचन करते हुए जैन बंधुओं से मुलाकात की। एमआई रोड राजस्थान चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स भवन में किए विमोचन महासभा जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष ज्ञान चन्द झांझरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन सभा जयपुर के पूर्व अध्यक्ष कमल बाबू जैन, मीना चौधरी, निशा जैन, धुर्व दास अग्रवाल चारु गुप्ता सहित जैन बन्धु शामिल हुए।

दिया कुमारी को राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में रविवार को महावीर जयन्ती समारोह के लिए आमंत्रित किया। प्रदीप जैन ने बताया कि सेवा पखवाड़ा में जैन युवा महासभा के विभिन्न सम्भागों व जोनों की ओर से कई सेवा कार्य किए जा रहे हैं। सभी आयोजनों में बड़ी संख्या में युवा महासभा के सदस्य व समाज बन्धु शामिल हुए। पखवाड़ा का समापन रविवार को होगा। इस दिन युवा महासभा की प्रदेश कमेटी, सभी सम्भागों व जोनों, अधीनस्थ युवा व महिला संगठनों की पूरी टीम राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में आयोजित शोभा यात्रा व धर्म सभा में सहभागिता निभाएगी।

### मंगेशकर परिवार ने की अवॉर्डीज की घोषणा

# बॉलीवुड के महानायक को मिलेगा लता-दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड

**बेधड़क | जयपुर**



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को इस साल के लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाली हस्तियों में एक्टर रणदीप हुड्डा और म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान भी शामिल हैं। अवॉर्ड सेरेमनी 24 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। हाल ही में मंगेशकर परिवार ने अवॉर्ड पाने वाले सेलिब्रिटीज के नामों की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है।

अवॉर्ड पाने वालों में 81 साल के अमिताभ बच्चन, 47 साल के रणदीप हुड्डा और 57 साल के एआर रहमान के अलावा मराठी एक्टर अशोक सराफ, पद्मिनी कोल्हापुरी, सिंगर रूपकुमार राठौड़, एक्टर अतुल परचुरे भी शामिल हैं। 24 अप्रैल को सेरेमनी का आयोजन मुंबई के विले पार्ले स्थित दीनानाथ मंगेशकर नाट्यग्रह में होने वाला है। म्यूजिक डायरेक्टर हृदयनाथ मंगेशकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अवॉर्ड की अनाउंसमेंट की है। कॉन्फ्रेंस में उनका बेटा आदिनाथ मंगेशकर और उषा मंगेशकर (लता मंगेशकर की बहन) भी शामिल हुई थीं।

लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड, दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा स्वरकोकिला लता मंगेशकर के सम्मान में शुरू किया गया था। पिछले 34 सालों में कुल 212 लोगों को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। अवॉर्ड हासिल करने वालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लीजेंड्री सिंगर आशा भोसले भी शामिल हैं।

**बॉलीवुड** अभिनेताओं ने कई फिल्मों में निभाए यादगार किरदार

# जनता के हीरो हैं फिल्मी पर्दे के ‘IAS’ और ‘IPS’ अफसर

**बेधड़क | जयपुर**

रीयल लाइफ के आईपीएस और आईएएस तो अपनी जगह पर रीयल हीरो होते ही हैं, लेकिन सिनेमा के पर्दे पर ये किरदार निभाने वाले कलाकार भी जनता के हीरो होते हैं, वो भी आइडियल। कुछ एक्टर्स ने ऐसे किरदारों को इतनी शिद्दत से निभाया कि वो आज भी जनमानस में हीरो के रूप में स्थापित हैं। इनमें सरफरोश में आमिर खान, शूल में मनोज बाजपेयी, गंगाजल में अजय देवगन, साथिया में शाहरुख खान और मेरी शादी में जरूर आना में राजकुमार राव के द्वारा निभाए किरदार शामिल हैं।



#### सरफरोश का अजय सिंह राठौड़

फिल्मों में कई कलाकारों ने आइपीएस की वर्दी पहनी है। इनमें सबसे अधिक यादगार किरदार आमिर खान का है, जो सरफरोश में आइपीएस अजय सिंह राठौड़ के रोल में थे। इस फिल्म में एक दृश्य में अजय कहता भी है कि उन्हें आईएएस मिल रहा था, मगर उन्होंने खास मकसद के लिए जानबूझकर आइपीएस लिया।



#### मेरी शादी में जरूर आना का सत्येंद्र

आईएएस अधिकारी का किरदार निभाने वाले सबसे यंग कलाकार राजकुमार राव हैं, जिन्होंने मेरी शादी में जरूर आना फिल्म में आईएएस सत्येंद्र मिश्रा की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में कृति खरबंदा पीसीएस अफसर के किरदार में थीं। फिल्म की कहानी दोनों के बीच झगड़े पर आधारित थी। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान राजकुमार ने जागरण डॉट कॉम से कहा था कि पेशे की संजीदगी के कारण इसे पर्दे पर कम दिखाया गया है।

**शूल का समर प्रताप सिंह**

शूल में मनोज बाजपेयी ने आइपीएस समर प्रताप सिंह का किरदार निभाया था, जो काफी चर्चित रहा। सिंघम बनने से पहले प्रकाश झा की गंगाजल में अजय देवगन आइपीएस अमित कुमार की भूमिका में चर्चित हो चुके थे। सूर्यवंशी में अक्षय कुमार आइपीएस ऑफिसर के किरदार में दिखे।

हर्ष और आनंद से परिपूर्ण जीवन केवल ज्ञान और विज्ञान के आधार पर संभव है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**ओमान में आया सबसे पहले तूफान और बारिश का कहर... जलप्रलय ने पूरे शहर को कर दिया ठप**

# यूएई से ओमान तक जलजला, 16 लोगों की मौत

**कीव।** दुबई

संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और उसके आस-पास के रेगिस्तानी इलाकों में हुई भारी बारिश ने भयावह स्थिति बना दी। दुनिया के सबसे स्मार्ट शहरों में शुमार दुबई में हर तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा। हालत यह हुई कि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करना पड़ गया। शहर के हाईवे पर गाड़ियां पानी में फंस गईं और शॉपिंग माल से लेकर मेट्रो स्टेशन तक पानी घुस गया। देश में पिछले 75 साल में सबसे ज्यादा बारिश हुई है।

तूफान, बारिश का कहर सबसे पहले ओमान में आया। भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के चलते 18 लोगों की मौत हो गई। इनमें कई बच्चे भी शामिल हैं।

- **दुबई में भारी बारिश के चलते आई बाढ़, एयरपोर्ट से लेकर मॉल तक पानी ही पानी**
- **दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 25 मिनट बंद रहा संचालन, कई उड़ानों को रद्द करना पड़ा, कई हुईं विलंबित**



संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और उससे सटे रेगिस्तानी इलाकों को हुई भीषण बारिश से आम जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। दुनिया के बेहतरीन शहरों में शुमार दुबई में पानी-पानी नजर आया। ऐसा लग रहा था कि मानों बाढ़ आ गई है। बारिश इतनी भीषण थी कि हवाई अड्डे पर तक पानी भर गया और इसके बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कुछ समय के लिए विमानों का संचालन रोकना पड़ा।

दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का रनवे पानी में डूब गया। इसके बाद यह समुद्र जैसा दिखने लगा, वहीं सड़कें नदियों में तब्दील हो गईं और घरों में तक पानी भर गया।

### कई उड़ानों को करना पड़ा रद्द

भारी बारिश के कारण अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए दुनिया के सबसे व्यस्त दुबई एयरपोर्ट को भारी बारिश के कारण आने वाली कई उड़ानों को डायवर्ट करने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह एयरपोर्ट आम तौर पर शाम के समय 100 से अधिक उड़ानों के आगमन का स्वागत करता है, लेकिन में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण चलते यहां की स्थिति काफी गंभीर हो गई। कई उड़ानों को डायवर्ट किया गया, जबकि कुछ उड़ानें रद्द कर दी गईं। एयरपोर्ट पर बाढ़ जैसा नजारा देखने को मिला। एयरपोर्ट की पार्किंग में खड़ी कारें डूब गईं। एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़कें भी पानी से भर गईं।

### मॉल, घर, कॉलोनियां सब डूबीं

दुबई मॉल और मॉल ऑफ एमिरेट्स जैसे प्रमुख शॉपिंग सेंटरों सहित शहर के प्रमुख इमारतों में पानी भर गया। दुबई मेट्रो स्टेशन पर टखने तक पानी भर गया था। सड़कें ध्वस्त हो गईं। आवासीय कॉलोनियां जलमग्न हो गईं और विभिन्न घरों की छतों, दरवाजों और खिड़कियों से रिसाव की खबरें सामने आईं।

**गाजा में अल-मगाजी शरणार्थी शिविर पर अटैक**

# सात बच्चों सहित 13 की मौत, 25 घायल

**एजेंसी** | गाजा सिटी

गाजा में अल-मगाजी शरणार्थी शिविर को निशाना बनाकर हमला किया गया। इस हमले में सात बच्चों सहित 13 लोग मारे गए, जबकि 25 से अधिक अन्य घायल हो गए। अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी गई।

वायरल वीडियो में कई हताहत लोग फर्श पर पड़े हुए दिखाई दिए। कई लोग घबराहट में इधर-उधर भागते, चिल्लाते और शवों को गिनने और ले जाने की कोशिश करते दिखे। शिविर में रहने वाले ओवडेटल्लाह ने कहा कि लगभग 30 से 40 मीटर की दूरी पर एक विस्फोट सुना दिया। मैं तुरंत यह देखने के लिए चला गया कि क्या हुआ। इसी दौरान जमीन पर गिरा हुए शव देखा। लोग चिल्ला रहे थे और बच्चे जमीन पर मरे पड़े थे।



### हमले के बाद भयानक मंजर

वीडियो में एक आदमी सफेद बॉडी बैग की ओर इशारा करते दिखाई दिया, जिसमें एक युवा लड़के का खून से सना चेहरा दिख रहा था, वह कहने लगा, 'यह मेरा बेटा है।' एक अन्य व्यक्ति ने कहा, 'उनका किसी से कोई लेना-देना नहीं है! वे नागरिक हैं।' हम पर दया करो। आप बच्चों को मार रहे हैं। आप किसी सेना या सेनानियों को नहीं मार रहे हैं। आप उन बच्चों को मार रहे हैं जो सड़क पर शांति से खेल रहे थे।' अल-अक्सा शहीद अस्पताल से ली गई फुटेज में हताहतों और घायलों को ले जाते हुए दिखाया गया है क्योंकि आपातकालीन वार्ड में मरीजों की भीड़ थी। परिवार के सदस्य अपने प्रियजनों के शवों के पास भीड़ लगाए हुए थे और उन्हें पकड़कर रो रहे थे। अस्पताल के मुर्दाघर के एक वीडियो में परिवार अपने प्रियजनों की पहचान करने की कोशिश करते दिखे।

### 19000 बच्चे हो गए अनाथ

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में अनुमान के अनुसार अक्टूबर में इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा में 10,000 से अधिक महिलाएं मारी गई। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया कि छह महीने के युद्ध में गाजा में 10,000 फिलिस्तीनी महिलाएं मारी गईं, जिनमें अनुमानित 6,000 माताएं भी शामिल थीं, और 19,000 बच्चे अनाथ हो गए। जो महिलाएं इजराइली बमबारी और जमीनी कार्रवाई से बच गईं, वे विस्थापित हो गई हैं, विधवा हो गई हैं और भूखमरी का सामना कर रही हैं।

## भारतीय चालक दल को हमने नहीं पकड़ा: ईरान

**एजेंसी** | तेहरान

ईरान के इजराइल पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। इस बीच भारत में ईरान और इजराइल के राजदूतों ने अपनी बात रखी है। ईरान और इजराइल में इस क्षेत्र भारतीय भी बड़ी संख्या में रहते हैं। दोनों राजदूतों ने भरोसा दिया भारतीयों को सुरक्षित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। ईरान ने हमले को जरूरी बताते हुए आगे तनाव ना बढ़ाने की बात कही है तो इजराइली राजदूत ने समय आने पर अटैक का जवाब देने की बात कही है। साथ ही ईरान ने इजराइली लिंक वाले जहाज को कब्जे में लेने पर भी बयान दिया है, इसके चालक दल में 17 भारतीय हैं। ईरानी राजदूत ने साफ कहा है कि उनके गाड्र्स ने किसी भारतीय को रोककर नहीं रखा है।

**ईरान समर्थकों का विरोध प्रदर्शन**

# अमेरिका में रहकर जला रहे उसी का झंडा


**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

अमेरिका और ईरान की दुश्मनी जगजाहिर है, लेकिन इन दिनों में अमेरिका में रह रहे लोग ईरान के समर्थन में उसी का झंडा जला रहे हैं। अमेरिका के कई राज्यों में ईरान समर्थकों का विरोध प्रदर्शन देखा गया है। इतना ही नहीं, इन प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका का झंडा भी जलाया है।

दरअसल ईरान द्वारा इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों की बौछार करने के बाद, इलिनोइस, कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क और पैसिफिक नॉर्थवेस्ट सहित अमेरिका के कई हिस्सों में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शनों के चलते अमेरिका की कई सड़कें जाम हो गईं और कुछ हवाई अड्डों और नेशनल हाइवे पर लोगों को आवाजाही में खूब दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अमेरिकी शहर मैनहट्टन में प्रदर्शनकारियों ने हिजबुल्लाह का बैनर लहराया और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाए।

रिपोर्ट के अनुसार, एक नकाबपोश कार्यकर्ता को हिजबुल्लाह का झंडा पकड़े हुए देखा गया। झंडे पर असॉल्ट राइफल की तस्वीर बनी हुई थी और उस पर 'द इस्लामिक रेजिस्टेंट इन लेबनान' लिखा हुआ था। एक अन्य प्रदर्शनकारी को न्यूयॉर्क शहर में अमेरिकी झंडा जलाते देखा गया। हिजबुल्लाह समर्थक प्रदर्शनों के दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर एकत्र हुए।

### प्रदर्शनकारियों ने सड़कों का किया जाम



शिकागो में, प्रदर्शनकारियों ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर रोड जाम कर दिया और ओ'हारे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर जाने वाली अंतरराज्यीय 190 की लेन को ब्लॉक कर दिया। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जब पुलिस अधिकारी ने फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच कुछ दूरी बनाने की कोशिश की तो उन्होंने इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। अमेरिकी विवि के एक सहायक प्रोफेसर द्वारा ट्वीट किए गए वीडियो के अनुसार, प्रदर्शनकारियों को इजरायल का समर्थन करने के लिए अमेरिका की आलोचना करते देखा गया। प्रोफेसर ने यह भी आग्रह किया कि इसकी न्यूयॉर्क राज्य के अटॉर्नी जनरल द्वारा जांच की जानी चाहिए।

**स्वीडन की संसद से पारित हुआ कानून**

# 16 साल के किशोर भी करा सकेंगे लिंग परिवर्तन



**एजेंसी** | स्टॉकहोम

स्वीडन की संसद ने बुधवार को एक नए कानून को मंजूरी दे दी। इस कानून के तहत अब स्वीडन में कानूनी तौर पर लिंग परिवर्तन कराने की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल कर दी गई है। हालांकि 18 साल से कम उम्र के युवाओं को लिंग परिवर्तन प्रक्रिया शुरू कराने से पहले अपने परिजनों, डॉक्टर और नेशनल बोर्ड ऑफ हेल्थ एंड वेलफेयर की मंजूरी लेनी होगी। स्वीडन की संसद में बुधवार को इस कानून पर मतदान हुआ, जिसमें 234 सांसदों ने कानून के पक्ष में मतदान किया। वहीं 94 सांसदों ने इसका विरोध किया और 21 सांसद मतदान से अनुपस्थित रहे। स्वीडन की सरकार के उदारवादी नेता और पार्टियां इस कानून का समर्थन कर रही हैं। वहीं कुछ ईसाई डेमोक्रेट्स इसका विरोध कर रहे हैं। स्वीडन की दक्षिणपंथी पार्टी मानी जाने वाली स्वीडन डेमोक्रेट्स ने भी कानून का विरोध किया। ये पार्टी सरकार को समर्थन दे रही है, लेकिन सरकार का हिस्सा नहीं है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl